ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 6, अंक 64, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी




- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

## सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी




- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

## एक नजर

### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

### मान ने पश्चिमी वायु कमान में संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। राष्ट्रपति के अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

### ऑनलाइन डेटिंग एप्स से लूट में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेटिंग एप्स के जरिए लोगों को फंसाकर कर लूटपाट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

## डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत

### चित्रकूट में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ हादसा

- सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए और लोगों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया और दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामू साहू (26) ग्राम बल्हौरा थाना मऊ, दुर्गा (36) ग्राम हन्ना के मजरे शिवरतन का डेरा, बच्चा (40) निवासी सखौहा, उनैन (25) निवासी बल्हौरा, संतराम उर्फ राजा (40) के रूप में हुई है। मृतक रामू पिकअप का मालिक था, जो बारात के लिए बैंड बाजा वालों को लेकर जा रहा था। घायलों में इमरान (32) निवासी कुंडा (प्रतापगढ़) डीसीएम चालक है। उसने रास्ते में सवारियां बैठा ली थीं। इसके अलावा दूधनाथ (45), शादिम (25), देवनाथ (42), रजवा (25) और शक्ति (25) सभी पहाड़ी निवासी, हीरो अली (25) घायल हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, विधायक अविनाश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिक्षक नेता बराती लाल पांडेय ने घटनास्थल और रामनगर सीएचसी में पीड़ितों को ढांढस बंधाया।

## अब्बास अंसारी की विस सदस्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है।

अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा। इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है।

मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे।

## रिश्वतखोरी में आईआरएस का अधिकारी गिरफ्तार

- सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित आवास से दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आईआरएस के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने कहा कि रिश्वत मांगने के अलावा भुगतान न करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने, भारी जुर्माना लगाने और उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

## गुटखों के प्लास्टिक पैक पर एनजीटी का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्लास्टिक पाउच में गुटखा बिक्री रोकने के निर्देश का पालन नहीं

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख्त अनुपालन के संबंध में केंद्र से जवाब मांगा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर गौर किया कि अक्टूबर 2021 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 25 ऐसे निर्माताओं को निर्देश जारी किए थे, जिनमें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने तक तुरंत परिचालन बंद करना शामिल था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि वकील अनुज अग्रवाल के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें यह भी शामिल है कि प्लास्टिक से बने पाउच का उपयोग गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए नहीं किया जाएगा।

## वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ




- विमान ईंधन के दाम भी तीन प्रतिशत घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।

## उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए फैसला

निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## गुजरात के कृषि मंत्री बच्चुभाई खाबड़ का बेटा गिरफ्तार

- मनरेगा घोटाले से जुड़े एक मामले में हुई कार्रवाई

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी। बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद ''बी'' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि 31 मई को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, खाबड़ की कंपनी को 2022-23 में दाहोद जिले के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत आवंटित कार्य पूरा किए बिना 33.86 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था।

## डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।

### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

शहर में आज



☞ मॉर्डन पब्लिक स्कूल में मिनी आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 9 :00 बजे।

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735

### 9 से 15 घंटे की देरी से चल रहीं स्पेशल ट्रेनें, इंतजार कर उकता रहे हैं यात्री

# स्पेशल ट्रेनों में डेढ़ गुना किराया, फिर भी मुश्किलों में सफर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेनें हकीकत में असुविधा का सबब बन रही है। स्पेशल ट्रेनों के चलने का कोई समय तय नहीं है। स्पेशल ट्रेनें अपने समय पर नहीं पहुंच रही है जिससे यात्री गर्मी के बीच डेढ़ गुना किराया देकर भी दुश्वारियों भरा सफर तय कर रहे हैं।

हर साल गर्मी के मौसम में रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है। इन स्पेशल ट्रेनों का किराया भी डेढ़ गुना ज्यादा होता है। लेकिन यह स्पेशल ट्रेनें मौजूदा समय में यात्रियों के लिए परेशानी बन रही हैं। डेढ़ गुना किराया लेकर भी रेलवे स्पेशल ट्रेनों के जरिये यात्रियों को सही समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंचा पा रहा है। समर स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही है। प्रतिदिन स्पेशल ट्रेनें चार से पांच घंटे देरी से पहुंची रही है। ये सिर्फ एक उदाहरण नहीं है, बल्कि मंडल में रोजाना ऐसी तमाम शिकायतें अधिकारियों तक सोशल मीडिया व रेल मदद के जरिये पहुंच रही हैं। इसके बावजूद इनका कोई समाधान नहीं हो पाता।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

● देरी के चलते स्पेशल ट्रेनों में सुविधा की जगह असुविधा झेल रहे यात्री

**रविवार को यह ट्रेनें पहुंचीं लेट**

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी |
|---|---|---|
| 04011 | दिल्ली समर स्पेशल | 16 घंटे 8 मिनट |
| 04607 | अमृतसर समर स्पेशल | 9 घंटे 11 मिनट |
| 04029 | आनंद विहार टर्मिनल | 8 घंटे 30 मिट |
| 04650 | जयनगर क्लोन स्पेशल | 4 घंटे 24 मिनट |
| 04205 | वाराणसी समर स्पेशल | 6 घंटे 43 मिनट |
| 03312 | धनबाद गरीबरथ स्पेशल | 5 घंटे 18 मिनट |
| 04517 | भंटिडा समर स्पेशल | 3 घंटे 29 मिनट |
| 05577 | आनंद विहार गरीब रथ | 14 घंटे 1 मिनट |

**हॉल्ट या आउटर पर रोकने के बाद धीमी गति से बढ़ती हैं ट्रेन**

दैनिक ट्रेनों को पास कराने के लिए घंटों तक इन ट्रेनों को किसी छोटे स्टेशन, हॉल्ट या आउटर पर रोक दिया जाता है। जिसके बाद धीमी गति से यह ट्रेनें आगे बढ़ती हैं। तब तक यात्री गर्मी में ट्रेन की बोगियों में जूझते रहते हैं। इसी कारण स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग करानेवालों की संख्या बेहद कम है। रविवार को लगभग 10 ट्रेनें मुरादाबाद स्टेशन पर 10 घंटे से ज्यादा देर से पहुंचीं। वहीं रेल प्रशासन का कहना है कि दूसरे मंडलों से ट्रेनें देरी से आ रही हैं। मुरादाबाद मंडल में समय को सुधारने की पूरी कोशिश की जा रही है और जल्द ही ट्रेनों के संचालन में सुधार किया जाएगा।



ट्रेन लेट : हावड़ा हरिद्वार से उतरकर जाते यात्री। ● अमृत विचार

## गुरहट्टी चौराहे से जीएमडी रोड तक आज हटेगा अतिक्रमण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से महानगर के अलग-अलग क्षेत्रों में सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। सोमवार से 7 जून तक अभियान चलाकर रोस्टर के अनुसार अतिक्रमण हटेगा।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि सोमवार को गुरहट्टी चौराहे से ताड़ीखाना होकर जीएमडी रोड तक अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके बाद 3 जून को गुरहट्टी चौराहा से गंज बाजार, मंगल बाजार, राजघाट, चौधरी पुल, अमरोहा गेट होकर मंडी चौक तक और 4 जून को बुध बाजार से इंपीरियल तिराहा तक सड़क की दोनों पटरियों से अतिक्रमण हटेगा। 5 जून को कांठ रोड पर अकबर का किला से संगम विहार होते हुए सेल्स टैक्स कार्यालय तक और 6 जून को इंपीरियल तिराहा से रोडवेज होकर डबल फाटक, प्रभात मार्केट तक अभियान चलेगा। जबकि 7 जून को निगम की टीम लोकोशेड से चौक तक अभियान चलाएगी।

## शैक्षिक नवाचार में गीतांजली सम्मानित



शिक्षिका गीतांजलि दक्ष को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य

**छजलैट, अमृत विचार:** शैक्षिक नवाचार के लिए राजकीय हाई स्कूल कुचावली मुरादाबाद की शिक्षिका गीतांजली दक्ष को सम्मान मिला है।

राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कान्हा की नगरी वृंदावन के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केशवधाम में हुआ था। जिसमें ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स आर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों एवं शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने शिक्षक- शिक्षिका द्वारा विद्यालय में किए गये शैक्षिक नवाचारों के लिए प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। गीतांजली के सम्मानित होने पर खुशी का माहौल है।

# मुसीबत...दोपहर से शाम तक गुल रही बिजली

### विभाग ने 10 वर्षों से शाहपुर तिगरी में नहीं की उपकरणों की क्षमता वृद्धि, आए दिन हो रहे फॉल्ट

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शाहपुर तिगरी मोहल्ले में लगे ट्रांसफार्मर में रविवार की दोपहर दो बजे फॉल्ट हो गया। दोपहर से शाम 5 बजे तक लोग बिजली-पानी को तरस गए। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि न होने से आए दिन फॉल्ट से भीषण गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ रही है। एक हजार से अधिक लोग समस्या से प्रभावित हैं।

मोहल्ला शाहपुर में लगभग एक हजार की आबादी को रविवार दोपहर 2:00 बजे से शाम तक 5 बजे तक भीषण गर्मी में बिजली कटौती झेलनी पड़ी। लोगों ने बताया कि सुबह या शाम को ट्रांसफार्मर में फॉल्ट हो जाए तो फिर पानी की समस्या खड़ी हो जाती है। बिजली विभाग ने 10 साल पहले 400 केवी की क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया था। आबादी व उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के बाद भी ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि नहीं की गई। ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने से आए दिन फॉल्ट होने से घंटों बिजली गुल रहती है। जिससे लोगों को पानी की समस्या भी होती है।

लोगों ने कई बार ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने के लिए विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय में लिखित रूप में मांग पत्र दिया लेकिन फिर भी कोई कदम नहीं उठाया गया।जिससे भीषण गर्मी में बिजली के साथ पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है।



शाहपुर तिगरी में फॉल्ट के बाद खराब ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

**बिजली के साथ पानी की भी किल्लत**

क्षेत्र में 400 परिवारों में एक हजार से अधिक लोग बिजली विभाग और नगर निगम की अनदेखी का शिकार हो रहे। बिजली की किल्लत के साथ पानी, सफाई आदि सुविधा के लिए भी लोग जूझ रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पानी और साफ-सफाई है और यहां के लोग इन्हीं सुविधाओं से वंचित हैं। क्षेत्र में पाइपलाइन जर्जर होने से गंदा पानी आ रहा है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत की गई लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।



शाहपुर तिगरी में पिछले 10 वर्षों में लगातार आबादी बढ़ी है। लोगों ने नये मकान बनवाए तो बिजली कनेक्शन भी लिया ।लेकिन विभाग की ओर से बेहतर आपूर्ति का प्रबंध नहीं किया गया। गर्मी में आए दिन फॉल्ट होने से लोग परेशान हो रहे हैं।

– **आर्यन गिल**, निवासी शाहपुर तिगरी



बिजली विभाग की ओर से आए दिन घरों में लोड चेक किया जाता है लेकिन लोगों की मांग पर बिजली विभाग न ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ा रहा है। जिससे भीषण गर्मी में बिजली कटौती मार दिन में कई घंटे झेलनी पड़ती है।

– **अक्षय गुलाटी**, स्थानीय निवासी

शाहपुर तिगरी में बिजली कटौती ट्रांसफार्मर में फॉल्ट के चलते हुई थी। वहां क्षमता वृद्धि नहीं हुई इसकी जानकारी नहीं है। अगर बिजली की खपत अधिक है तो ट्रांसफार्मर के साथ लोगों के घरों के कनेक्शन का लोड भी बढ़ाया जाएगा।

– **विजय कुमार गुप्ता**, अधीक्षण अभियंता नगरीय

## बारिश को लगी टकटकी उमस ने बढ़ा दी बेचैनी



गर्मी में दोपहर में जरूरी खरीदारी को निकलीं महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● एक सप्ताह का और इंतजार इसके बाद प्री मानसून की फुहार

**अमृत विचार:** सोमवार को नौतपा समाप्त होने के बाद मौसम के एक सप्ताह में करवट लेने का अनुमान है। 8-9 जून को प्री मानसून की फुहार पड़ने का अनुमान जताया गया है।

रविवार को सुबह मौसम में नरमी रही। लेकिन दोपहर में धूप से उमस बढ़ गई। लेकिन शाम को फिर हवा चलने से राहत मिली। अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री रहा। आर्द्रता 47 प्रतिशत रहा। 7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम दिशा से हवा चली। अगले कुछ दिनों तक हल्के बादलों की आवाजाही के बीच कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बौछार पड़ सकती है।

पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह का कहना है कि एक सप्ताह मौसम तेज धूप तो कभी हल्के बादलों के चलते कहीं बूंदाबांदी या बौछारें पड़ सकती हैं। 8-9 जून से प्री मानसून की दस्तक होगी। उत्तराखंड में कई जगह बारिश का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहने से लू से राहत मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### प्राण शरीर की शक्ति और आत्मा शाश्वत : डॉ. राम मुनि



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ किया गया। पंडित वीरेंद्र आर्य ने संतोष कुमार गुप्ता की यजमानी में विधिवत संपन्न कराया। यज्ञ के बाद कपिल आर्य ने ईश्वर भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने वेद मित्रों की विस्तृत व्याख्या कर वैदिक ज्ञान को जनमानस तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता वानप्रस्थी डॉ. राम मुनि ने महर्षि दयानंद के प्रसिद्ध ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ करते हुए जीवन, आत्मा और प्राण की व्याख्या की। बताया कि प्राण और आत्मा के सामंजस्य से ही शरीर क्रियाशील रहता है। प्राण शरीर की ऊर्जा है, जबकि आत्मा शाश्वत और अविनाशी है। उन्होंने आगे बताया कि प्राण पांच होते हैं और उनके साथ पांच उपप्राण भी होते हैं, जो शरीर की विभिन्न क्रियाओं का संचालन करते हैं। डॉ. राम मुनि ने कहा कि प्राण हृदय में स्थित है जो ईश्वर की शक्ति का प्रत्यक्ष रूप है। जब तक प्राण और आत्मा रहते हैं, तब तक जीवन चलता है। मृत्यु के समय प्राण शरीर को त्याग देते हैं, जबकि आत्मा शाश्वत गति में अग्रसर होती है। कार्यक्रम में प्रधान डॉ. अभय श्रोत्रिय, मंत्री रमेश सिंह आर्य, कपिल कुमार आर्य, रजनीश आर्य, मयंक आर्य, प्रज्ञांशु आर्य, यशपाल आर्य, अर्जुन आर्य, राकेश कुमार आर्य, अर्जुनवीर वर्मा, ज्ञान प्रकाश भगत, रमाशंकर आर्य, निर्मल आर्य, रविंद्र आर्य, अमित आर्य, सुमित आर्य सहित अन्य शामिल रहे।

### हमारे साथ रघुनाथ तो हमें किस बात की चिंता...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को नि :शुल्क संगीत का प्रशिक्षण देने के लिए कांशीराम नगर ई ब्लॉक में ताल तरंग संगीत कला शिक्षा केंद्र की शाखा का आरंभ रविवार को पूजा हवन कर किया गया। वरिष्ठ संगीतकार राधेश्याम शर्मा और वरिष्ठ संगीतज्ञ रंजना भटनागर ने फीता काटकर व सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर केंद्र की शुरुआत की गई। केंद्र के संचालक नितिन व्यास व प्रिया शर्मा ने बताया कि केंद्र प्रयागराज संगीत विवि से पंजीकृत है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे धनाभाव के चलते संगीत शिक्षा से वंचित न रहें। केंद्र के प्रशिक्षार्थियों ने राम को देखकर श्री जनक नंदिनी, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, हमारे साथ रघुनाथ तो हमें किस बात की है चिंता, पायो जी मैंने मैंने राम रतन धन पायो आदि भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान ज्ञानचंद शर्मा, मनोहर लाल यादव, राजकुमार गोस्वामी, गुलाब मौर्य, दुष्ट दमन त्यागी, पीयूष शर्मा, निमित जायसवाल, पूनम त्यागी, रुपाली शर्मा, कृति आर्य, दीपिका मनीषा, आरुषि यादव, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जूनियर में राधिका, अवनी, आराध्य की टीम आई प्रथम




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से एक दिवसीय 16वीं उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को खुशहालपुर स्थित एक गार्डन में किया गया। जिसमें बरेली, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, चंदौली, रामपुर, हापुड़ आदि जिले के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर ग्रुप में अनविका, भाविका, हिमांग, रित्विक, श्रीयां, रितिका आदि की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर में राधिका, अवनी, आराध्या, प्रेक्षा आदि की टीम ने प्रथम स्थान पाया। सीनियर में अनुष्का, रुचि मिश्रा, रक्षित शर्मा, दीक्षा, कनिष्क, आराध्य,आयुष शर्मा, अक्षय सिंह, संस्कृत गुप्ता को प्रथम स्थान मिला। डुएट डांस में रिया और आद्रिका मीनाक्षी, रिद्धि एवं समृद्धि ने प्रथम स्थान पाया। निर्णायक मंडल में निधि गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, नेहा दुबे, नंदिनी, अमित मिश्रा रहे। संचालन मयंक ने किया।

## मिनी आईपीएल: अभिमन्यु जेपीसीए की धमाकेदार जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आदित्य व सभ्य मैन ऑफ द मैच तुषार वसिद्धार्थ बने गेम चेंजर

**अमृत विचार:** एमपीएस में चल रहे मिनी आईपीएल सीजन-2 रविवार को दो मुकाबले खेले गए। अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी उत्तराखंड और जेपीसीए क्रिकेट अकादमी उत्तराखंड ने मुकाबले जीते।

रविवार को पहला मैच अभिमन्यु व आरएसडी के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरएसडी की टीम 125 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसमें वीर ने 41 गेंदों में 32 रन बनाए। आदित्य ने 37 गेंदों में 20 रन, तुषार वर्मा ने 4.1 ओवर में मात्र 11 रन देकर 3 विकेट और अक्षत ने 2 विकेट लिए। जवाब में अभिमन्यु ने 18.2 ओवरों में लक्ष्य हासिल करते हुए मैच 6 विकेट से जीत लिया। जिसमें आदित्य नौटियाल ने 37 गेंदों पर 50 रन बनाने के साथ ही 2 विकेट भी लिए। आर्यन ने 51 गेंदों में 35 रन व आरएसडी की ओर से आयुष और गर्वित को 1-1 विकेट मिला। इस मैच में मैन ऑफ द मैच आदित्य नौटियाल व गेम चेंजर तुषार वर्मा रहे।

दूसरा मैच रुक्मणि बनाम जेपीसीए के बीच हुआ। दूसरे मैच में जेपीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 186 रन बनाए। जिसमें सिद्धार्थ 67 गेंदों पर शानदार 86 रन बनाए। सभ्य 28 गेंदों में 39 रन, अरीब ने 5 विकेट व शान ने 1 विकेट लिया। रुक्मणि अकादमी 29.1 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। जिसमें हर्ष ने 58 गेंदों में शानदार 77 रन, अरीब कमाल ने 52 गेंदों में 43 रन बनाए। जेपीसीए की ओर से सभ्य ने 6 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट, प्रांजल ने 2 विकेट लिए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच सभ्य व गेम चेंजर सिद्धार्थ बने।

## सुख-दुख कैसे बंट पाएं, जब बातचीत तक मौन...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● हिन्दी साहित्य संगम ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम के तत्वावधान में रविवार को मिलन विहार स्थित मिलन धर्मशाला में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें कवियों ने अपनी रचना प्रस्तुत की। गोष्ठी की शुरुआत ज्ञान की देवी मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अशोक विद्रोही ने मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर, विशिष्ट अतिथि रघुराज सिंह निश्चल और डॉ. मनोज रस्तोगी रहे। संचालन संस्था के संगठन मंत्री डॉ. प्रशांत मिश्र ने किया।

काव्य पाठ करते हुए जितेन्द्र कुमार जौली ने कहा कि तम्बाकू का सेवन करके, बहुत लोग मर जाते हैं। तम्बाकू से दूर रहेंगे, चलो कसम ये खाते हैं। योगेन्द्र वर्मा व्योम ने आज के दौर में रिश्तों को आइना दिखाते हुए सुनाया सुख-दुख कैसे बंट पाएं, जब बातचीत तक मौन, मोबाइल में बंद हुए सब सांकल खोले कौन, दिखता नई सदी में घर-घर कैसा दृश्य अजीब, घर की फाइल में रिश्तों के पन्ने बेतरतीब। अमर सक्सेना ने सत्ता के लोभ में गुमान हो जाता है अक्सर, याद रहे सत्ता बिना जनता के आती नहीं है। मंगू सिंह ने जाति अपनी रहो बनाके, पर सबका सम्मान तो हो, मानव से मानव का कल्याण तो हो सुनाया। प्रशान्त मिश्र ने जिन्दगी एक शाम बन जाती है, जो सवेरा होने के, इन्तजार में ढलती जाती है। अशोक विद्रोही ने जैसे जली स्वर्ण की लंका, रावण का अभिमान जला। तहस नहस आतंकी अड्डे धूधू पाकिस्तान जला। डॉ. मनोज रस्तोगी ने बीत गए कितने ही वर्ष, हाथों में लिए डिग्रियां/कितनी ही बार जलीं आशाओं की अर्थियां/ आवेदन पत्र अब लगते तेज कटारों से सराहना पाई। विशिष्ट अतिथि रघुराज सिंह निश्चल ने वापिस मिलना है नहीं, पीओके आसान। राज़ी से देगा नहीं, यह तो पाकिस्तान। मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर ने मुझसे मेरा जीवन ले लो, पर मेरा सम्मान न छीनो, वरना मेरे स्वाभिमान की, अग्नि तुम्हें ही झुलसा देगी से अपनी दस्तक दी। अध्यक्षता कर रहे रामदत्त द्विवेदी ने ख्वाब देखा है मैंने रात खुदा खैर करे, देश के शुभ नहीं हालात खुदा खैर करे सुनाया। पदम सिंह बेचैन ने सुनाया- मैं खो जाता हूं, इस कस्बे के प्यार में इतना, मुझसे मत पूछो मेरा कांठ कैसे लगता है। अंत में संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली ने सभी का आभार जताया।




काव्य गोष्ठी में रचना प्रस्तुत करते योगेंद्र वर्मा व्योम व मंचासीन कवि

अपना महानगर | देश की तीनों सेनाओं की क्षमता व मिसाइल तकनीक का गवाह बना महानगर

# वार मेमोरियल में दिखेगी सेना के शौर्य व पराक्रम की झलक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● 1947 से लेकर अब तक के युद्धों में प्रयोग किए हथियार मिसाइल, टैंक किए जा रहे संग्रहीत

**अमृत विचार :** विश्वविख्यात पीतलनगरी अब देश की सैन्य क्षमता व उच्च मिसाइल तकनीक का गवाह बनेगा। महानगर के बुद्धि विहार फेज 2 में दो एकड़ भूमि पर बन रहे वार मेमोरियल म्यूजियम में 1947 से लेकर अब तक के युद्धों में सेना के शौर्य व पराक्रम की झलक दिखेगी। इसमें रखे गए हथियारों से जहां युवा पीढ़ी को सामान्य ज्ञान मिलेगा तो लोगों को नये मुरादाबाद का आभास होगा।

वार मेमोरियल म्यूजियम का काम लगभग पूरा हो चुका है। इस म्यूजियम में 1947 से लेकर भारत पाकिस्तान, भारत चीन के अलावा कारगिल में सेना के शौर्य की वीरगाथा का वर्णन किया गया है। हर युद्ध की कहानी व इसमें सैन्य अधिकारियों के साहसिक कार्य का विवरण भी यहां प्रदर्शित किया जा रहा है।

साथ ही युद्ध में प्रयोग किए गए तोप, मिसाइल व अन्य हथियारों को प्रदर्शित किया जा रहा है। जिसमें मिग-27 लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। दिल्ली रोड पर लोकोशेड पुल से सटी मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा के साथ ही उनकी मिसाइल क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि को प्रदर्शित किया गया है। महानगर में कारगिल शहीद स्थल पर कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध कौशल के दम पर भारत को मिली सफलता की गाथा दिखाई गई है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि नगर निगम व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से महानगर में कई ऐतिहासिक, धार्मिक व देश की सैन्य शक्ति को प्रदर्शित किया गया है। इनके माध्यम से लोगों को देश की गौरवगाथा को जानने, समझने का अवसर मिल रहा है। इन कार्यों से मुरादाबाद नगर निगम की प्रदेश ही नहीं पूरे देश में एक विशिष्ट छवि बनी है। जो आने वाले समय में और समृद्ध होगी।



वार मेमोरियल म्यूजियम में स्थापित मॉडल। ● अमृत विचार

**रक्षा मंत्रालय की अनुमति के बाद मिले हैं सेना के हथियार**

वार मेमोरियल म्यूजियम में आपरेशन सिंदूर हवाई हमले के दौरान सेना के अदम्य पराक्रम की झलक भी देखने को मिलेगी। यहां अत्याधुनिक हथियार रखे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय की अनुमति से कई तोप व अन्य मिसाइल के मॉडल यहां पहुंच चुके हैं। नगर आयुक्त का कहना है कि वार मेमोरियल म्यूजियम के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री का कार्यक्रम लेने का प्रयास जारी है।

**पृथ्वी, आकाश त्रिशूल मिसाइलें बढ़ा रहीं रोमांच**

दिल्ली रोड पर मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के स्मृति स्थल पर मिसाइल तकनीक को प्रदर्शित किया गया है। यहां पर पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल, नाग जैसी मिसाइलों के मॉडल से लोगों को मिसाइल टेक्नोलॉजी की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा डीआरडीओ के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान की झलक भी दिख रही है।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना नागफनी क्षेत्र के बंगला गांव पुरानी चौकी के पीछे रहने वाले सोहन सिंह सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 25 मई को रात लगभग 11 बजे वह खाना लेकर घर जा रहा था। आरोप लगाया कि उसी दौरान होलिका मैदान निवासी सोनू पुराने विवाद के चलते उसे घेरकर गाली देने लगा। मना करने पर मारपीट कर जान से मारने धमकी भी दी। मारपीट में वह बुरी तरह घायल हो गया। वह लहुलूहान हालत में थाने पर पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। थाना नागफनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 34.0° | 24.0° |
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:09 |

## किशोरी लापता, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी 17 वर्ष की है। पीड़ित के अनुसार उसके पड़ोस में स्थित कारखाने में भगतपुर के मल्हपुरा निवासी आरिफ काम करता है। आरोप लगाया कि 30 मई को आरिफ उसकी बेटी को बहला-फुसला कर ले गया। काफी तलाश करने पर भी बेटी नहीं मिली तो आरोपी आरिफ के भाई नाजिम, नासिर और मुनाजिर से संपर्क किया। आरोप है कि पूछताछ करने पर आरोपी के भाईयों ने गाली गलौज और मारपीट कर भगा दिया। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अब तक जिले में सिर्फ 56.67 प्रतिशत लक्ष्य की हुई प्राप्ति, 21,534 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

# खुली मंडी के भाव ने बिगाड़ दी सरकारी गेहूं खरीद की चाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खुली मंडी में गेहूं के भाव ने सरकारी खरीद की चाल बिगाड़ दी है। गेहूं खरीद सत्र में अब सिर्फ 14 दिन बचे और जिले में 38,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के अनुपात में सिर्फ 56.67 प्रतिशत खरीद हुई है। केंद्रों पर भी अब इक्का-दुक्का किसान ही मुश्किल से पहुंच रहे हैं।




गेहूं खरीद के बारे में जानकारी लेतीं जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा।

शासन ने इस बार गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया था। जिले में एक मार्च से पहले खरीद शुरू करने का शासन ने निर्देश दिया था लेकिन गेहूं खेतों में पका न होने के बाद 17 मार्च से खरीद शुरू हुई। कई दिनों तक केंद्रों पर अन्नदाता का इंतजार होता रहा लेकिन वह खेत में फसल पकने की राह देखते रहे। जैसे-तैसे खरीद शुरु हुई तो बिचौलियों के नेटवर्क को तोड़ने में विभाग के अधिकारियों के पसीने छूटते रहे। डीएम के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में औचक छापेमारी में बाहर ले जाया जा रहा गेहूं भी पकड़ा गया। मगर मंडी में किसानों को सरकारी मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल की जगह 2600-2800 रुपये प्रति क्विंटल मिलने से किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने की बजाय मंडी में सीधे ले जाकर बेचने में अपनी भलाई समझते रहे। अब स्थिति यह है कि वर्तमान गेहूं खरीद सत्र में सिर्फ 15 दिन शेष हैं। 15 जून तक जिले में 76 केंद्रों पर गेहूं खरीद होनी है। लेकिन अभी तक लक्ष्य सिर्फ 56.67 प्रतिशत ही गेहूं की खरीद हो पाई है। हालांकि सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने वाले किसानों को उनकी उपज का आधार कार्ड से लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में मुरादाबाद जिला संभाग में सबसे बेहतर है। 99.54 प्रतिशत किसानों को उनकी उपज का भुगतान मिल चुका है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा का कहना है कि 76 केंद्रों पर गेहूं खरीद कराई जा रही है। 15 जून तक खरीद होगी। लेकिन अब केंद्रों पर किसान कम आ रहे हैं। मंडी में किसानों को अधिक मूल्य मिल रहा है। इससे सरकारी केंद्रों पर खरीद पर असर पड़ा है। इस समय खरीदे गए गेहूं को सुरक्षित तरीके से भंडारण के लिए गोदाम पर भेजने का कार्य किया जा रहा है। संभाग में मुरादाबाद जिले की खरीद सर्वाधिक है।

**संभाग में मुरादाबाद पहले और अमरोहा सबसे पीछे**

मुरादाबाद संभाग के पांच जिलों में गेहूं खरीद में 31 मई तक मुरादाबाद जिला सबसे आगे है। यहां 56.67 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष खरीद हुई है। जबकि सबसे कम खरीद अमरोहा में सिर्फ 29.51 प्रतिशत हुई है।

**यह है 31 मई तक गेहूं खरीद की स्थिति**

| जिला | केंद्र | लक्ष्य (मीट्रिक टन) | खरीद | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| अमरोहा | 38 | 19,000 | 5606.96 | 29.51% |
| बिजनौर | 44 | 19,000 | 10,000 | 52.641% |
| मुरादाबाद | 76 | 38,000 | 21.534 | 56.671% |
| रामपुर | 133 | 78,000 | 31,007 | 39.751% |
| सम्भल | 75 | 48,000 | 21,366 | 44.511% |
| कुल योग | 366 | 20,2000 एमटी | 89.515 | 44.311% |

## अभिया: सीज किए कई अवैध वाहन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को आरटीओ प्रवर्तन दल प्रणव झा ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कई वाहन सीज किए।

उन्होंने अवैध संचालन, अंपजीकृत और ओवरलोड वाहनों की धरपकड़ को आरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल के साथ पीटीओ राजेंद्र और नरेंद्र सिंह की दो टीम बनाई। दोनों टीमों ने बाई पास और रामपुर दौराहे पर वाहनों की चेकिंग की। जिसमें रामपुर दोराहे 19 अपंजीकृत ई रिक्शाएं पकड़ कर सीज की कार्रवाई के बाद कटघर पुलिस को सौंपे। वहीं बाईपास पर अन्य जिलों से मुरादाबाद की सड़कों पर फर्राटा भर रही 11 मारुति वैन को चेक किया गया। जिसमें सभी वैन चालकों द्वारा वैध कागज नहीं दिखाया गया। जिस पर आरटीओ विभाग की टीम सभी मारुति वैन पर सीज की कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना पुलिस को सौंप दिया। वहीं 3 बसें अवैध संचालन और 3 ट्रक ओवर लोडिंग में सीज कर संबंधित थानों में बंद करा दिए गए।

# पहली पाली में 548, दूसरी में 549 ने छोड़ी परीक्षा

### महानगर के सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा, रही कड़ी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में सात परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और केंद्र व्यवस्थापकों की कड़ी सुरक्षा में बीएड की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। पहली पाली में 548 और दूसरी पाली में 549 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। 2487 ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में परीक्षा के लिए 3584 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 से 12 और 2:00 से 5:00 बजे तक कराई गई। परीक्षाथियों के खिले चेहरे देख कर प्रश्न पत्र में आए सवाल का अंदाजा सहज लग सकता था। उनके मुताबिक दोनों पाली में 100-100 नंबर के 100 प्रश्न आए थे जिसमें 80 प्रतिशत सवाल देश में चल रही गतिविधि से जुड़े थे।

रविवार को बीएड की प्रवेश परीक्षा की पहली पाली में सात केंद्रों पर 3584 परीक्षार्थियों में 3036 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 548 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली के प्रश्न पत्र को दो हिस्सों बांटा गया। हिंदी और जीएस (सामान्य ज्ञान) में बांटा गया। पेपर कुल 100 अंक का था। पेपर में 50 हिंदी के और 50 जीएस से जुड़े सवाल आए। जिसमें जीएस में मौजूदा दौर में चल रही गतिविधियों से जुड़े सवाल थे। परीक्षार्थियों के मुताबिक परीक्षा केंद्र में जब प्रश्न पत्र सामने आया तो राहत मिली। केंद्र से बाहर निकल रहे परीक्षार्थियों के चेहरे खिले हुए थे। सभी परीक्षार्थियों के अनुसार पाली में जीएस से जुड़े 50 सवाल बहुत आसान थे। पहली पाली की परीक्षा 12 बजे परीक्षा समाप्त हुई। इसके बाद परीक्षार्थियों ने केंद्रों पर ही घरों से लाया खाना खाया और कुछ ने परीक्षा केंद्र के बाहर ठेले पर बिक रहे चाट पकौड़ी खाकर भूख मिटाई। दूसरी पाली में 3035 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 549 ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में नियमानुसार अभिक्षमता या योग्यता के परीक्षार्थियों के भरे गए विषयों से संबंधित आए। परीक्षार्थियों के मुताबिक सभी सवाल आसान आए थे।



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में प्रपत्र चेक करते अध्यापक। ● अमृत विचार



दयानंद कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

> सभी केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। जिसमें पहली में 548 और दूसरी पाली में 549 ने परीक्षा छोड़ दी है। पहली पाली की परीक्षा के बाद केंद्र के बाहर ही परीक्षार्थियों ने अपना समय बिताया।
> – **सुनील चौधरी** प्राचार्य केजीके महाविद्यालय, जिला नोडल बीएड परीक्षा



परीक्षा में जो सवाल आए थे वे सब आसान थे। जिसमें पहली पाली सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल थे। पढ़ने वाले और देश दुनिया के खबर में रुचि रखने वाले के लिए आसान रहा। पहली पाली में नेगेटिव मार्किंग होने के बहुत कम चांस हैं। – **नेहा सिंह**, ठाकुरद्वारा



दूसरी पाली में जो सवाल आए वो अपने लिए हुए विषय से ही थे। उन्हें हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। पहली पाली में 50 जीएस से जुड़े में 45 किए है, और सभी सही हैं। बस हिंदी में आए सवालों में थोड़ा दिमाग पर ज्यादा जोर डालना पड़ा। – **अंजली ठाकुर**

## शिक्षण शिविर में नए साथियों को दीं कई जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी में भर्ती नए सदस्यों का जिला स्तरीय शिक्षण शिविर गुलजारीमल की धर्मशाला में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला सचिव कामरेड थान सिंह की।

संबंधित करते हुए राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड डीपी सिंह ने कहा कि समाज दो वर्गों में बंटा हुआ है। एक ओर लाखों करोड़ों मेहनतकश जनता है, जिनकी मेहनत और कमाई से यह देश चल रहा है। सुई से लेकर परमाणु बम तक यहीं मेहनतकश तबका बनाता है। उन्होंने कहा कि यही मेहनतकश वर्ग भूख गरीबी बीमारी और प्राकृतिक आपदाओं का शिकार होता है। दूसरी ओर शोषक और लुटेरा वर्ग है जो संख्या में कम है, लेकिन समाज की 90 प्रतिशत संपत्ति पर इसका कब्जा है। इस दौरान कामरेड विक्रम सिंह एडवोकेट, चन्द्रपाल सिंह आजाद, कासिम अली तथा जिला कमेटी सदस्य याकूब अहमद सैफी के अलावा महावीर यादव, अब्दुल अज़ीज़ शर्मा जी, जुल्फिकार सैफी, अम्मन खां, एसपी सिंह, जावेद आदि मौजूद रहे।

# बाल गृह से भाग निकले दो किशोर, तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **दोनों किशोर, केयर टेकर व हाउस फादर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** शुक्रवार को बाल गृह से दो किशोर भाग निकले। मामले में किशोर, केयर टेकर व हाउस फादर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मोरा की मिलक में कार्तिक शिक्षण संस्था द्वारा लावारिस हालत में मिलने वाले बालकों के लिए बाल गृह संचालित किया जा रहा है। इसमें बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) लावारिस हालत में मिलने वाले बच्चों को रखवाती है। मौजूदा समय में इसमें 20 बालक और किशोर रह रहे हैं। दिल्ली के सुल्तानपुरी मंगोलपुरी निवासी 12 वर्षीय किशोर 18 मई को और अमरोहा निवासी 15 वर्षीय किशोर 24 अप्रैल को सीडब्ल्यूसी द्वारा रखवाए गए थे। इनकी सुरक्षा के लिए बाकायदा होमगार्ड तैनात रहते हैं। संस्था के सचिव जयशंकर शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे नाइट ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड कमल सिंह ड्यूटी खत्म करने के बाद गेट की चाबी केयर टेकर रविंद्र सिंह और कौशल कुमार को देकर चला गया था। उसी दौरान सुबह लगभग साढ़े छह बजे दो किशोरों ने बाल गृह से निकल कर आंगन का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। जीने के दरवाजे का ताला तोड़ छत पर लगे तार को पार करके बगल के निर्माणाधीन मकान से होकर भाग निकले। कुछ देर बाद केयर टेकर रविंद्र सिंह और हाउस फादर कौशल कुमार गेट खोलने उठे तो पता चला। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना, अपराध निरीक्षक राजेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बाल कल्याण अधिकारी श्रद्धा शर्मा भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने काफी देर तक जांच पड़ताल की। आसपास किशोरों की तलाश की। संस्था के सचिव ने पुलिस को तहरीर दी। डीएम, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति व अमरोहा को सूचना दी गई। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### एकजुट होकर संगठन की मजबूती का लिया संकल्प



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को मानसरोवर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मुरादाबाद इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत दिवसों में संगठन द्वारा की गई गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना और रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और जनहितकारी बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए। बैठक का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजुलता सक्सेना के संयोजन में किया गया। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सक्सेना ने की। बैठक में सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान नवीन सक्सेना, राजीव सक्सेना, मंजुलता सक्सेना, कुशाग्र सक्सेना, बिंदु सक्सेना, रवि सक्सेना, संजीव भटनागर, राजेंद्र प्रसाद सक्सेना, रीता भटनागर, मीना सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, सूरज सक्सेना, अमित सक्सेना, अमर सक्सेना शामिल रहे।

### तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है योग



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के क्रीडा विभाग की ओर से महाविद्यालय में योग अभ्यास कराया। इसका आरंभ प्राचार्या ने किया। उन्होंने छात्राओं और प्रवक्ताओं को जीवन में योग अपनाने और लोगों को योग के प्रेरित करने और इसे अपने जीवन में भी अपनाने के लिए शपथ दिलाई। रविवार को गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि योग शरीर, मन और दिमाग को संतुलित करने की एक प्रक्रिया है। बताया कि इस बार की योग दिवस की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर बल देता है। योग अभ्यास स्वयं और समाज दोनों के लिए लाभ प्रदान करता है। योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को ठीक करता है। इससे शरीर को लचीला, शक्ति और संतुलन में सुधार कर शारीरिक स्वास्थ्य को भी सही रखना में मदद मिलती है। इसलिए सभी को योग अपने दैनिक जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ताओं ने ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि भी किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीडा विभाग की प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रो. किरण साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. सुदेश, प्रो. करुणा आनंद, प्रो. प्रवीन सैनी, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. शैफाली अग्रवाल तथा डॉ. सविता अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

### नोडल अधिकारी ने दी योजनाओं की जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपर कृषि निदेशक गेहूं एवं मोटा अनाज उत्तर प्रदेश के नोडल जगदीश कुमार ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में रविवार को जिले के ठाकुरद्वारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामनगर खागूवाला में शिविर का निरीक्षण किया। उनके साथ उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी भी रहे। निरीक्षण के दौरान कृषकों को ड्रोन से बुआई और खाद के छिड़काव के फायदे बताए गए। किसानों को ड्रोन उड़ा कर दिखाया गया। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे किसानों को जानकारी दी। केवीके ठाकुरद्वारा के प्रभारी डॉ. रविन्द्र सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. दीपक कुमार, भारतीय आलू अनुसंधान केंद्र मेरठ के मुख्य वैज्ञानिक डा. योगेश कुमार गुप्ता, कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिलारी में विलुप्त अरिल नदी की तलाश में जुटी अफसरों की फौज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **डीएम ने 3 जून तक कार्य पूरा करने का दिया निर्देश**

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह ने अफसरों को बिलारी क्षेत्र में विलुप्त हुई अरिल नदी के क्षेत्रफल को तलाशने का कार्य सौंपा है। हालांकि दो वर्ष पूर्व जिला ग्राम्य अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा के सफल प्रयासों से नदी को अस्तित्व में लाया गया था। इसके लिए लाखों रुपये का सरकारी खर्च और नदी किनारे बसे गांव के प्रधानों से आर्थिक सहयोग लिया गया था। अब उसी नदी को फिर अधिकारी तलाश करेंगे। 3 जून तक नदी का क्षेत्र और नदी (जल स्त्रोत) का चिन्हांकन पूर्ण करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया है।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है। इससे पहले विलुप्त हुई नदी के क्षेत्रफल को तलाशने में अधिकारियों को लगाया गया है।। डीएम ने भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला बचत अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, नायब तहसीलदार बिलारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारी समिति, जिला युवा कल्याण अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, विद्युत विभाग से अधिशासी अभियंता जिला पूर्ति अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बिलारी और कुंदरकी, डब्लू डब्ल एफ के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद आलम को 3 जून तक इसका दायित्व सौंपा है।

अरिल नदी के क्षेत्रफल और उसके जल स्त्रोत को चिन्हांकन रिपोर्ट एसडीएम बिलारी को देनी होगी।

## मॉडिफाई साइलेंसर लगी दो बाइक जब्त

**कांठ, अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र में युवा बाइक मॉडिफाई करा कर तीव्र ध्वनि से पटाखे की आवाज निकाल कर नागरिकों की नींद हराम कर रहे हैं। पुलिस ने रविवार को मॉडिफाई बाइकों के विरुद्ध अभियान चला कर दो बाइक सीज की।

नगर व क्षेत्र में अनेक युवाओं ने बाइकें मॉडिफाई करा ली हैं। बुलेट व स्प्लेंडर से तेज पटाखे की आवाज निकलते हैं। अचानक तेज आवाज सुनकर लोग डर जाते हैं। डीएम अनुज कुमार ने पूर्व में एक बैठक आयोजित कर ऐसे वर्कशॉप सीज करने व मॉडिफाई करने वालों की सूची बनाने के निर्देश दिए थे। रविवार को उपनिरीक्षक कमलदीप ने थाना कांठ के समीप चेकिंग की। उपनिरीक्षक ने बताया कि रविवार को उन्होंने दो स्प्लेंडर बाइक सीज कर जब्त की हैं और अभियान जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा।

# आतंकवाद के खिलाफ पार्टी सरकार के साथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन पार्टी(एआईएमआईएम) की मासिक बैठक गागन कुंदरकी रोड स्थित शिविर कार्यालय पर रविवार को हुई। इसमें आलमगीर को कुंदरकी विधानसभा अध्यक्ष और भोलू प्रधान को ब्लॉक अध्यक्ष मूंढापांडे मनोनीत किया गया।

बैठक में लखनऊ में 14 जून को होने वाले एआईएमआईएम पार्टी के प्रथम कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी पंचायत चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने पर मंथन किया गया। आगामी माह में विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन करने पर सहमति बनी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने की। महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट ने कहा कि पार्टी पाकिस्तान के खिलाफ पूरी तरह से सेना व सरकार के साथ खड़ी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया। धर्म देखकर मारना सबसे बड़ा आतंकवाद है। बैठक में प्रदेश सचिव ज़की राइनी, कुंदरकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाफिज मोहम्मद वारिस, हाजी सलीम पूर्व जिलाध्यक्ष, नईम कुरैशी जिला महासचिव, सरफराज एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष ठाकुरद्वारा, मोहम्मद शाकिर विधानसभा अध्यक्ष बिलारी, शान ए मोहम्मद नगर अध्यक्ष नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मोहम्मद आमिल एडवोकेट, जिला महासचिव तारिक अनवर, फहीम बेग, अतिकुर रहमान अशफाक चौधरी, भोलू प्रधान, अबू बकर अंसारी, जिला महासचिव अरशद अली सैफी, वार्ड मेंबर पाकबड़ा शारिक ला, सूफी आकिल सैफी, बब्बू मलिक, मोहम्मद शादाब अंसारी मौजूद रहे।



कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक करते एआईएमआईएम के पदाधिकारी।

- **आलमगीर कुंदरकी विधानसभा अध्यक्ष, भोलू प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष मूंढापांडे मनोनीत**

**संवरता महानगर** | कंपनी बाग में प्रोजेक्टर के डेमो ने लोगों को किया अचंभित

# प्रदेश के पहले होलोग्राफिक प्रोजेक्टर का ट्रायल सफल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **रविवार को महापौर, नगर आयुक्त की मौजूदगी में हुआ ट्रायल**

**अमृत विचार:** नगर निगम प्रदेश में कीर्तिमान बना रहा है। प्रदेश के पहले होलोग्राफिक प्रोजेक्टर से जल्द ही लोगों को लाइव पिक्चर देखने का आनंद मिलेगा। रविवार की शाम को महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की मौजूदगी में ट्रायल सफल रहा।

कंपनी बाग में बनवाए प्रदेश के पहले प्रोजेक्टर का ट्रायल देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस प्रोजेक्टर से 40 फीट चौड़ी और 90 फीट लंबी स्क्रीन पर फिल्म दिखाई जाएगी। जिसे देखकर फिल्म के पूरी तरह हवा में होने की अनुभूति लोगों को मिलेगी। इसके ट्रायल के लिए कंपनी बाग में एक हिस्से में काली रंग की जाली लगाई गई है जो रात में नहीं दिखेगी। इस जाली पर प्रोजेक्टर के माध्यम से किरणें पड़ने पर फिल्म हवा में तैरती नजर आई। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि इसकी सफलतापूर्वक ट्रायल के बाद जल्द ही नगर वासियों को समर्पित कर दिया जाएगा।



कंपनी बाग में होलोग्राफिक प्रोजेक्टर पर ट्रायल के दौरान दिखाई जा रही फिल्म।



फिल्म देखते महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

**फाइव डी मोशन थिएटर में देख सकेंगे लाइव अंदाज में फिल्म**

कंपनी बाग में बने फाइव डी मोशन थिएटर का भी दूसरी बार ट्रायल किया गया। इस थिएटर में विशेष चश्मा लगाकर फिल्म देखने का लोगों को लुत्फ मिलेगा। रविवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और महापौर विनोद अग्रवाल आदि ने स्क्रीन पर फिल्म देखकर डिजिटल अनुभव किया। इस थिएटर में कुर्सी में लगे सिस्टम से यूं महसूस होता है कि मानों हम सीधे स्क्रीन में चल रहे डॉक्यूमेंट्री या फिल्म से जुड़ गए हैं। इस विशेष अनुभव का लुत्फ महानगर के लोगों को बहुत ही जल्द मिलने लगेगा।

# गंगा दशहरा: 3 जून से 5 की रात 10 बजे तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **तय समयावधि में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन, माल वाहक वाहन नहीं चल सकेंगे**

**अमृत विचार :** आगामी 5 जून को ज्येष्ठ दशहरा (गंगा दशहरा) मनाया जाएगा। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट और अमरोहा के तिगरी घाट पर गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने 3 जून की दोपहर 12 बजे से 5 जून की रात 10:00 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है।

जिसके अनुसार इस समयावधि में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन, माल वाहक वाहन नहीं चल सकेंगे। इसी तरह मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले वाहन भी हाईवे की बजाय छजलैट होते हुए निकाले जाएंगे। फिलहाल यह डायवर्जन केवल बड़े वाहनों के लिए हैं। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जरूरत पड़ने पर हल्के चार पहिया वाहन और रोडवेज बसों को भी डायवर्ट किया जाएगा।

**ये है डायवर्जन प्लान**

मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाली प्राइवेट बसें, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि माल वाहक वाहन हाईवे पर टीएमयू अंडर पास से शेरुआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए मेरठ व मुजफ्फरनगर जाएंगे।

– मुरादाबाद से हापुड़, गाजियाबाद और दिल्ली की ओर जाने वाली प्राइवेट बस, ट्रक, ट्रैक्टर- ट्रॉली आदि हाईवे की बजाय बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए जाएंगे और उसी रास्ते वाहन आएंगे।

# चाकू से गोदकर युवती की हत्या, खेत में मिला शव

## मैनाठेर की घटना, मृतका की मां ने गांव के युवक पर लगाया आरोप, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

**अमृत विचार:** मैनाठेर थाना क्षेत्र में एक तरफा प्यार में युवक ने शनिवार की देर शाम खेत पर घास लेने गई युवती की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। रविवार सुबह जब परिजन युवती को खोजते हुए पहुंचे तो शव मक्के के खेत में मिला। एसएसपी और एसपी देहात ने मौका मुआयना किया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना मैनाठेर के मिलक मैनाठेर निवासी 20 वर्षीय सायरा पुत्री दिवंगत आले हसन शनिवार शाम बकरियों के लिए घास लेने खेत पर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने किसी को जानकारी नहीं दी और खुद ही तलाश करते रहे लेकिन पता नहीं लगा। रविवार को सायरा की मां शफीना और भाई जीशान खोजते हुए जब्बार के मक्के के खेत में पहुंचे तो वहां सायरा का रक्तरंजित शव पड़ा था। शव देख परिजन बेहाल हो गए। सूचना मिलते ही थाना मैनाठेर के प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह टीम के साथ पहुंच गए। एसएसपी सतपाल अंतिल और एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह भी घटना स्थल पर पहुंच गए। फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराके साक्ष्य संकलन कराने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद भारी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार



जांच को पहुंचे एसएसपी सतपाल अंतिल।

● एसएसपी व एसपी देहात ने किया मौका मुआयना, फॉरेंसिक जांच कराई

> रविवार सुबह लगभग 10 :45 बजे मैनाठेर प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली कि मिलक मैनाठेर में मक्के के खेत में युवती का शव मिला है। युवती की मां ने गांव के ही एक युवक पर एक तरफा प्यार में हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।
> –सतपाल अंतिल, एसएसपी

इस मामले में मृतका सायरा की मां शफीना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही रहने वाला रफी उसकी बेटी को काफी समय से परेशान कर रहा था। आरोपी उससे बातचीत करके प्रेम जाल में फंसाना चाहता था। कई बार इसकी शिकायत आरोपी के परिजनों से की, लेकिन उसकी हरकत बंद नहीं हुई। मां का आरोप है कि सायरा खेत पर गई तो आरोपी रफी भी वहां पहुंच गया। सायरा का गला दबाया बाद में चाकू से कई वार करके हत्या कर दी। इस संबंध में एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रफी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ईद-उल-अजहा की तैयारी, बाजार में सुल्तान का क्रेज, कीमत 2 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा के नजदीक आते ही जिले के पशु बाजारों में कुर्बानी के जानवरों की बिक्री तेज हो गई है। रविवार को महानगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोगों ने बड़ी संख्या में बकरों, भैंसों, ऊंटों और भेड़ों की खरीदारी की। सबसे ज्यादा चर्चा सुल्तान बकरे की रही, जिसकी कीमत 2 लाख रही।

ईद-उल-अजहा 7 जून को मनेगी। मुस्लिम समाज के लोग हज़रत इब्राहिम की कुर्बानी की सुन्नत को निभाते हुए बकरा, भैंस, ऊंट या भेड़ की कुर्बानी करते हैं। इसके लिए बाजारों में बिक्री तेज हो गई है। ईदगाह रोड और रामपुर दोराहा पर लगने वाले परंपरागत पशु बाजारों में इस बार ऊंची नस्ल के खूबसूरत और ताकतवर बकरों की भरमार है। मगर इन सबमें सुल्तान सबसे अलग नजर आया। उसकी कद-काठी, चमकदार सफेद बाल, और दमदार चाल ने सभी को आकर्षित किया। दूर-दराज़ से लोग सिर्फ इस बकरे को देखने आ रहे हैं। रविवार को कई खरीदारों ने सुल्तान के लिए अलग-अलग कीमतें लगाईं, लेकिन उसके मालिक ने साफ कह दिया कि वह इसे 2 लाख रुपये से कम में नहीं बेचेंगे। सिर्फ बकरे ही नहीं, पंजाब से आई भारी-भरकम भैंसें भी बाजार की शोभा बढ़ा रही हैं। इनकी कीमतें भी 1 लाख से 2 लाख के बीच बताई जा रही हैं। रविवार की रात ईदगाह रोड पर बकरों और भैंसों की खूब बिक्री हुई। बाजारों में भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया है, जिससे खरीदारी करने वालों को असुविधा न हो।



रामपुर दोराहा पर लगी बाजार में बकरे पसंद करते लोग। ● अमृत विचार

● रविवार को रामपुरा दोराहा पर खूब हुई कुर्बानी के जानवरों की बिक्री

# बकरीद शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार:** आगामी ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

रविवार को थाना परिसर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी एसपी रूद्र कुमार सिंह ने ईद-उल-अजहा पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। शहर इमाम मौलाना मोहम्मद हनीफ ने लोगों से परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने, नई परंपरा शुरू नहीं करने और एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने खुले में कुर्बानी नहीं करने, प्रधानों से कुर्बानी के पशुओं के अवशेषों को गड्ढों में दबाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने कहीं पर कोई समस्या आए तो मुझे या बीट प्रभारियों को सूचना देने को कहा ताकि उसका समय पर निस्तारण किया जा सके।

बैठक में एसएसआई महेश पाल मलिक, कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह, उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज पंकज राठी, अर्शमान अंसारी , सभासद मौ यासीन सैफी , सभासद तौकीर कुरैशी, सभासद गयासुद्दीन, सभासद ताहिर, सभासद कल्लू,तहसीम पूर्व सभासद हाजी जाकिर व अशफाक खां, मौहम्मद हसन, प्रधान कमाल मुस्तफा मौहम्मद रिजवान,शकील प्रधान, सभासद हाजी मो रफी आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते डिप्टी एसपी रूद्र कुमार सिंह। ● अमृत विचार

● भोजपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

## नगर पालिका का तालाब पाटने का विरोध एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में बने पालिका के तालाब को पाटने के विरोध में उतरे सभासद ने एसडीएम प्रीति सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें कहा है कि तालाब को नगरपालिका की गंदगी से भरकर पाटा जा रहा है जबकि उसके आसपास आबादी है। बीमारी फैलने की आशंका व्याप्त हो गई है। इसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। वार्ड नं 16 के सभासद मोहम्मद हनीफ़ का आरोप है कि अपनी हठ धर्मिता के चलते पालिकाध्यक्ष तालाब को पाटने पर आमादा हैं और उनके द्वारा विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जाती हैं

बताया कि वार्ड नं 16 में स्थित गाटा संख्या 22 व 29 सरकारी अभिलेखों में बंजर भूमि के तौर पर दर्ज है और उसमें बहुत पुराना तालाब है।

# प्रेमिका से मिलने आए युवक को बंधक बना कराया विवाह

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार:** कानपुर के युवक और कस्बे की युवती की फेसबुक से शुरू हुई दोस्ती कुछ ही दिनों में प्यार में बदल गई। बात आगे बढ़ी तो युवक प्रेमिका से मिलने उसके घर आने लगा। यह सिलसिला दो सालों से चल रहा था।

युवती का कहना है कि प्रेमी ने विवाह करने का झांसा देकर कई बार संबंध बनाए। शुक्रवार की रात को भी प्रेमी पहुंचा। रात बीतने के बाद युवक घर जाने को तैयार हुआ तो युवती और उसके परिजनों ने विवाह करने को कहा। युवक अगले महीने परिजनों को साथ लाकर विवाह करने की बात कहकर टालमटोल करने लगा। युवती और उसके परिजन विवाह करने की जिद पर अड़ गए। युवती के परिजनों ने युवक को बंधक बना लिया। पूरे दिन युवक को विवाह करने के लिए मनाने का दौर चला। युवक परिजनों की गैरमौजूदगी में विवाह करने को राजी नहीं हुआ। हारकर युवती ने पुलिस को बुलाकर प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना देकर थाने आने को कहा उन्होंने साफ मना कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने को कहा तो युवक विवाह करने को राजी हो गया।

रविवार सुबह प्रेमी युगल अग्नि को साक्षी मानकर विवाह के बंधन में बंध गए। उसके बाद युवक अपने परिजनों को मनाने के लिए अकेला कानपुर चला गया। ब्राह्मण जाति के युवक और सैनी जाति की युवती का विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

● शुक्रवार की रात को युवती के घर पहुंचा था प्रेमी

● विवाह के लिए टालमटोल करने पर बुला ली पुलिस

### युवती की जिद के आगे झुके प्रेमी के परिजन

**भोजपुर, अमृत विचार :** दो दिनों की जद्दोजहद के बाद प्रेमी युगल विवाह के बंधन में बंध गए। शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने विवाह करने की जिद को लेकर कस्बे के एक मोहल्ला निवासी प्रेमी के घर आकर डेरा डाल दिया था। प्रेमी किसी भी कीमत पर विवाह करने को तैयार नहीं था। वहीं प्रेमिका विवाह नहीं होने पर प्रेमी के घर पर ही जान देने की धमकी दे रही थी। दो दिनों की जद्दोजहद के बाद युवती ने प्रेमी,उसकी भाभी और बड़े भाई के खिलाफ गंभीर आरोपों में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कड़ा रुख और युवती की जिद के आगे बेबस प्रेमी और उसके रिश्तेदारों ने विवाह करने में ही भलाई समझी। रविवार की देर शाम को बड़ी मंडी में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में युवक के परिजनों और युवती के पिता की मौजूदगी में मंदिर के पुजारी ने सनातन धर्म के रीति-रिवाज अनुसार दोनों का विवाह संपन्न कराया। विवाह की धार्मिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद प्रेमी अपनी पत्नी को अपने घर लेकर चला गया।

### दुष्कर्म का आरोपी दोष मुक्त करार

**छजलैट, अमृत विचार :** 2022 में गांव की ही एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मतलूब के विरुद्ध तहरीर दी थी जिसके आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया था। मुरादाबाद न्यायालय ने इस मामले में मतलूब को दोष मुक्त करार दिया है। थाना कांठ के ग्राम देहरी जुम्मन निवासी महिला ने 2022 की इसी गांव के मतलूब पुत्र मुन्ने पर आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने जांच उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया था। न्यायालय ने मतलूब के अनुरोध पर बेल पर छोड़ दिया था लेकिन मुकदमा न्यायालय मुरादाबाद में चल रहा था। साक्ष्य के अभाव में अपराध सिद्ध न होने पर मतलूब को दोष मुक्त कर दिया है।

## खनन अधिकारी ने सीज किए पांच वाहन

**ठाकुरदारा, अमृत विचार:** खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने टीम के साथ ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग पर स्थित चमड़ा वाला गांव के जंगल में अवैध खनन की सूचना पर रविवार देर रात छापा मारा। टीम को देख कर माफिया लोडर व ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गए जबकि एक मजदूर को मौके पर पकड़ लिया गया।

टीम को देखकर खनन माफिया वाहन छोड़ फरार हो गए। छापे मारी की सूचना पर क्षेत्र के खनन माफियाओं मे हड़कंप मच गया। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खेती में उपयोग आने वाली भूमि व आसपास की नदियों में खनन माफिया दबंगई के बल पर अवैध खनन कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। पिलकपुर, मानपुर दत्त राम, बथुआ खेड़ा, निर्मलपुर, गोपी वाला ,फरीदनगर, अस्लेमपुर, लोगी खुर्द आदि क्षेत्रों में खुले आम खनन किया जा रहा है । शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता । खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कहीं भी बिना स्वीकृति के खनन करना गैरकानूनी है। खनन अधिकारी ने लोडर सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर पुलिस को सौंप दिया।

# भाकियू असली को छोड़ थामा भाकियू टिकैत का दामन



शादी हॉल में आयोजित भाकियू टिकैत की सभा में शामिल नए सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन असली अगवानपुर की कार्यकारिणी ने भाकियू असली का दामन छोड़कर भाकियू टिकैत के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

रविवार को भाकियू टिकैत की एक सभा शादी हॉल में आयोजित की गई। अगवानपुर की कार्यकारणी किसान यूनियन असली का दामन छोड़ टिकैत यूनियन में शामिल हुई। सभा में भाकियू टिकैत के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, जिलाध्यक्ष घंनेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, दर्शन सिंह, सियाराम जी, सतवीर सिंह मान, रामकला गुर्जर, अंश ढिल्लो, प्रिंस चौधरी नितिन अहलावत,अजय चौधरी ने संबोधन में कहा कि भाकियू टिकैत सदैव किसानों व समाज सेवा के लिए संघर्ष करती आई है और उन्हें निरंतर न्याय दिलाने का प्रयास किया है। इस मौके पर टिकैत के वरिष्ठ नेताओं ने असली यूनियन से टिकैत में आए इब्राहिम अहमद, मोमिन खा, पुत्तन हाजी जी, रफ़कत, बब्बू ठेकेदार , सरताज अहमद, जाफर भाई, इशरॉर खा आदि का उनके दल में शामिल होने पर स्वागत किया। भाकियू असली से टिकैत में शामिल होने वाले सभी लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के हित में संघर्ष करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वह तन, मन, धन से अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे। भाकियू टिकैत के वरिष्ठ नेताओं ने कहा की विचार करने के बाद असली छोड़कर टिकैत में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं के लिए पदों की घोषणा जल्द की जायेगी।

● कार्यकर्ताओं ने कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के हित में संघर्ष करने का संकल्प लिया

## चार पदक जीत बढ़ाया बिलारी सेंटर का मान

**बिलारी, अमृत विचार:** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विवि माउंट आबू राजस्थान में चल रहे समर किड्स कार्निवल में बिलारी सेंटर से 6 बच्चे भाग लेने के लिए पहुंचे थे। जहां उन्होंने 100 मीटर रेस, लंबी कूद 500 मीट रेस, म्यूजिक चेयर में भाग लिया। 6 बच्चों में चार बच्चों को प्रथम-2 द्वितीय व तृतीय स्थान मिला।

किड्स समर कार्निवल में देश से लगभग 1700 बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें बिलारी सेंटर से गए 6 बच्चों में सजल, राघव डिबेट में प्रथम, 100 मी में वंश चौधरी प्रथम, 500 मी में काव्या द्वितीय व लंबी कूद में शोभित और सूर्य प्रताप को तृतीय स्थान मिला। केंद्र से जुड़े विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि वह विगत कई वर्षों से माउंट आबू में होने वाले राज योगी किड्स समर कार्निवल में भाग लेने वाले बच्चों के साथ गाइड के रूप में जाते रहे हैं। कहा कि बिलारी सेवा केंद्र प्रभारी बीके अलका दीदी के नेतृत्व में बच्चों ने मान बढ़ाया है।

# अनियंत्रित कार पलटी छात्रा सहित तीन घायल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर एक वैगनआर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे कई पलटी खाकर खड़ी हो गई। दुर्घटना में कार में सवार एक छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गए।

जनपद बिजनौर के शेरकोट निवासी आदिबा पुत्री नफीस अहमद मां सहाना के साथ बीएससी नर्सिंग एमआई टी कॉलेज मुरादाबाद से रविवार को परीक्षा देकर वैगनआर से घर लौट रही थी। कार छात्रा के रिश्ते का भाई फैजान पुत्र वरीस अहमद चला रहा था। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर से आगे कार अपनी साइड में सड़क किनारे अनियंत्रित होकर कई बार पलटी खाकर फिर से खड़ी हो गई। यह घटना देखकर आसपास के ग्रामीण व यात्री घटनास्थल पर जमा हो गए। कार चालक फैजान ने बताया कि वह शेरकोट बिजनौर से भाकियू का नगर अध्यक्ष है। गनीमत रही कि कई बार पलटी खाने के बाद भी कार में सवार कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। कार में सवार तीन लोगों के गुम चोट आई हैं। घायल प्राथमिक उपचार कराकर घर के लिए रवाना हो गए।



क्षतिग्रस्त कार।

● मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर हुई दुर्घटना

## युवक से मारपीट फायरिंग कर जान से मारने का प्रयास

**छजलैट, अमृत विचार:** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीपुरा निवासी रवि कुमार का पुत्र तुषार 31 मई को सुबह 10:00 बजे के करीब गांव में गन्ना सेंटर के पास खड़ा था। तभी बलेनो में सवार थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम जमशेदपुर निवासी दीप पुत्र मनोज अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाड़ी से उतरकर तुषार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

जिसमें वह घायल हो गया। तुषार के शोर मचाने पर गांव के जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह को आता देख हमलावर तमंचे से फायर कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। घायल के पिता रवि कुमार ने थाना छजलैट पुलिस को दीप सहित चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर घायल को सीएचसी भिजवाया।

# नाले में फंसी गाय, बजरंगियों ने निकाल कराया उपचार

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील के सामने मंडी समिति के पीछे नाले में दो दिन से फंसी गाय को बजरंगियों ने जेसीबी मशीन की सहायता से बाहर निकाल कर गाय का उपचार कराया।

रविवार को मोनू विश्नोई बजरंगी को सूचना मिली कि दो दिन से मंडी समिति के पीछे नाले में गाय फंसी हुई है। मोनू के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी। गाय को बाहर निकालने के लिए नगर पंचायत से जेसीबी मशीन बुलाई गई। नाले में गिरने के कारण गाय घायल हो गई थी।

जेसीबी से गाय को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार कराया। मोनू विश्नोई ने बताया कि कार्यकर्ता गायों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ऐसे कार्य करते रहते हैं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक कमलदीप सिंह, अश्वनी कुमार,डॉ त्रिदेव सिंह, सचिन अग्निहोत्री, निपेन्द्र प्रजापति, शुभम आदि लोग मौजूद रहे।



नाले में फंसी गाय।

## 15 दिनों से टूटी पाइप लाइन, जिम्मेदार बेखबर

**कांठ, अमृत विचार:** मोहल्ला पटेगंज में पिछले 15 दिनों से पानी की टंकी का पाइप फटने से मोहल्लेवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे कीचड़ और घरों में पानी की कमी हो रही है।

नगर कांठ के मोहल्ला पटेगंज में पिछले 15 दिनों से टंकी के पानी का पाइप फटने के कारण मोहल्लेवासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मगर जिम्मेदार बेखबर हैं। पानी सड़क पर बह रहा है, पानी की बर्बादी के साथ साथ लोगों के घरों में भी आपूर्ति नहीं हो रही है। नगरवासियों ने बताया कि पानी की टंकी का पाइप फटने के कारण सड़क पर हर समय पानी बहता रहता है। इसके चलते सड़क पर कीचड़ हो रही है। वहीं निकलने वाले राहगीरों को भी निकलने में समस्या आ रही है। नगरवासियों ने शिकायत कई बार की है लेकिन पाइप सही नहीं किया गया है। लोगों ने पाइप ठीक कराने की मांग की है।

# मंत्री से मिले हिंदुवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव



मंत्री चिराग पासवान को पटका पहनाते अध्यक्ष गोस्वामी अनुराग व चौधरी उदयवीर।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** रविवार को दिल्ली में भारत सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से युवा हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी अनुराग भृगवंशी व राष्ट्रीय महासचिव चौधरी उदयवीर सिंह ने मुलाकात की। महासचिव ने बताया कि मुलाकात में राष्ट्र निर्माण, युवाओं की भूमिका, सामाजिक न्याय और संगठनात्मक मजबूती जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही हिंदू वाहिनी द्वारा सनातन धर्म एवं हिंदुत्व के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। जिस पर चिराग पासवान ने उनके संगठन की सराहना की।

## आर्य समाज में सुख-शांति को हवन का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार:** नगर के आर्य समाज में रविवार को हवन का आयोजन किया गया जिसमें आर्य बंधुओं द्वारा हवन में आहुति देकर सुख, शांति की कामना की।

नगर के प्राचीन आर्य समाज में प्रातः हवन का आयोजन किया गया, जिसमें आर्य बंधुओं द्वारा आहुति देकर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। आर्य समाज के पुरोहित नेपाल आर्य ने बताया कि आर्य समाज में साप्ताहिक हवन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आवाहन किया कि सभी आर्य बंधु अधिक से अधिक आर्य समाज में पहुंचकर वेदों की जानकारी लें, जिससे जीवन सफल होगा। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर आर्य समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार बिश्नोई, सतपाल सिंह दीवान , भानु प्रताप, राजेंद्र सिंह, आर्य समाज के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपना नाम ABARAR ALI से बदलकर ABRAR ALI पुत्र ISRAR रख लिया है। भविष्य में मुझे ABRAR ALI पुत्र ISRAR के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **अबरार अली पुत्र इसरार निवासी - मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 21 फतेहउल्लागंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244601**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### विश्व साइकिल दिवस पर होगी दौड़

**रामपुर, अमृत विचार :** उप क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में 3 जून को साइकिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। फिट इंडिया मिशन के अन्तर्गत परिवहन के एक साधन के रूप में साइकिल की विशिष्टता और बहुमुखी प्रतिभा तथा उनकी विश्वसनीयता और स्थायित्व को मान्यता देना है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और जलवायु संकट से निपटने तथा पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने के उद्देश्य से विश्व साईकिल दिवस मनाया जा रहा है। साइकिलिंग आयोजन आंबेडकर पार्क से प्रात : 6 :30 बजे प्रारम्भ होकर रोडवेज तिराहे से पहाड़ी गेट होते हुए शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी पर समाप्त किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी साईकिलिंग में स्वयं की साईकिल लेकर आयोजन में प्रतिभाग कर सकते हैं।


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष बने कमल

**रामपुर अमृत विचार :** रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित हुई। जिसमें अध्यक्ष कमल कुमार तरैहा को बनाया गया। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जबर सिंह और वरिष्ठ महामंत्री राम सिंह बनाए गए हैं। पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में सर्वसमिति से कार्यकारिणी घोषित हुई। जिसमें अध्यक्ष कमल तुरैहा के अलावा कनिष्ठ महामंत्री गोविंद राम तुरैहा, कोषाध्यक्ष मुरारीलाल तुरैहा और प्रचार मंत्री सीताराम, ऑडिटर धर्म सिंह तुरैहा, आईटी सेल प्रभारी राम सरन तुरैहा और मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार तुरैहा को बनाया गया। इसके अलावा विक्रम सिंह तुरैहा, राजेश कुमार तुरैहा, हरि शंकर तुरैहा, प्रियांशु तुरैहा, राजीव कुमार तुरैहा, अर्जुन सिंह तुरैहा, सरन लाल तुरैहा, चंद्रसेन तुरैहा, प्रीतम सिंह तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, पूरन लाल तुरैहा, शिवम तुरैहा को सदस्य बनाया गया।

# लखनऊ की तर्ज पर बनेगी सिविल लाइन मार्केट

## नगर पालिका की ओर से सिविल लाइन मार्केट की दुकानों पर लगाए गए हैं लाल निशान

**आश्वासन**

- दुकानदारों ने शहर विधायक से की मुलाकात, डीएम से वार्ता के बाद निकला समाधान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


दुकानदारों से वार्तालाप करते शहर विधायक आकाश सक्सेना। अमृत विचार


अवतार सिंह का स्वागत करते दुकानदार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस की दुकानों पर लाल निशान लगाए जाने के बाद दुकानदारों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना और जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह से वार्ता कर समाधान निकाला है। दोनों पक्षों की सहमति के बाद अब लखनऊ की हजरत गंज मार्केट की तर्ज पर सिविल लाइन की मार्केट का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसमें दुकानदारों की ओर से फुटपाथ को खाली करने के लिए प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

इन दिनों जिला प्रशासन की ओर से शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पिछले दिनों नगर पालिका की ओर से सिविल लाइंस स्टेशन रोड स्थित मार्केट में लाल निशान लगाए गए थे। जिसके बाद दुकानदारों के दिलों की धड़कनें बढ़ गईं थीं। घबराए दुकानदार रविवार को शहर विधायक के कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने विधायक से बात की और अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। दुकानदारों का कहना था कि वह जब से रामपुर में रह रहे हैं, इन्हीं दुकानों से उनके परिवार का पालन पोषण हो रहा है। ऐसे में यदि दुकानें हटाई जाती हैं तो उनके समक्ष बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। वे अपने परिवार को कैसे पालेंगे। इसके बाद विधायक ने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह से फोन पर बातचीत की और दुकानदारों की समस्या को प्रमुखता से रखा। जिलाधिकारी ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम सिर्फ मार्केट का सौंदर्यीकरण करना चाहते हैं। अतिक्रमण एक बड़ी समस्या के रूप में बाधक बन रहा है। फुटपाथ तक पर लोगों के कब्जे हैं, जिस कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कत होती है। इस पर दुकानदारों ने प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि शहर सुंदर होगा, तो उसमें सभी का भला होगा। यदि रामपुर का यह प्रमुख मार्केट लखनऊ की हजरत गंज मार्केट की तरह सुंदर हो जाए, तो कितना अच्छा होगा इससे कारोबार भी बढ़ेगा। थोड़ी दिक्कत आएगी, लेकिन उसमें दुकानदारों का सहयोग उन्हें बड़े फायदे देगा। सभी को फुटपाथ खाली करना होगा, जिससे उनकी दुकान सुंदर दिखे। जिस पर सहमति बन गई। दुकानदार पूरी तरह संतुष्ट होकर गए। इस अवसर अवतार सिंह, मुनीश,गुप्ता, गुलशन अरोरा के अलावा सभी प्रमुख दुकानदार व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# कुर्बानी में दिखावा करने पर जाता रहता है सवाब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- तीन दिन तक चलता है कुर्बानी का सिलसिला
- अल्लाह कुर्बानी के पीछे बंदों की देखता है नीयत

**अमृत विचार :** बकरीद यानि ईद उल अजहा पर कुर्बानी दी जाती है। यह एक जरिया है जिससे बंदा अल्लाह की रजा हासिल करता है। बेशक अल्लाह को कुर्बानी का गोश्त नहीं पहुंचता है, बल्कि, वह तो केवल कुर्बानी के पीछे बंदों की नीयत को देखता है। अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे। हर साहिबे माल अपनी हैसियत के मुताबिक कुर्बानी का जानवर खरीद कर कुर्बानी करता है। कुर्बानी करने में दिखावा या तकब्बुर आ गया तो उसका सवाब जाता रहेगा।


मौलाना मुफ्ती महबूब अली, शहर इमाम।

शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली बताते हैं कि कुर्बानी का इतिहास देखें तो हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम एक पैगंबर गुजरे हैं, जिन्हें ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल (जो बाद में पैगंबर हुए) को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें। यह इब्राहीम अलैहिस्सलाम के लिए एक इम्तेहान था, जिसमें एक तरफ अपने बेटे से मुहब्बत थी और दूसरी तरफ अल्लाह का हुक्म था। इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म को पूरा किया और अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने को तैयार हो गए। जैसे ही इब्राहीम अलैहिस्सलाम छुरी लेकर अपने बेटे को कुर्बान करने लगे, वैसे ही फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने बिजली की तेजी से इस्माईल अलैहिस्सलाम को छुरी के नीचे से हटाकर उनकी जगह एक दुंबे को रख दिया।

इस तरह इब्राहीम अलैहिस्सलाम के हाथों दुंबे के जिब्हा होने के साथ पहली कुर्बानी हुई। इसके बाद जिब्रील अमीन ने इब्राहीम अलैहिस्सलाम को खुशखबरी सुनाई कि अल्लाह ने आपकी कुर्बानी कुबूल कर ली है और अल्लाह आपकी कुर्बानी से राजी है। कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं की जाए, बल्कि इसे अल्लाह की इबादत समझकर किया जाए।

### हर धनवान व्यक्ति पर फर्ज है कुर्बानी

शहर इमाम बताते हैं कि शरीयत के मुताबिक कुर्बानी हर उस औरत और मर्द के लिए वाजिब है, जिसके पास 13 हजार रुपये या उसके बराबर सोना और चांदी या तीनों (रुपया, सोना और चांदी) मिलाकर भी 13 हजार रुपये के बराबर है। ईद उल अजहा पर कुर्बानी देना वाजिब है। वाजिब का मुकाम फर्ज से ठीक नीचे है। अगर साहिबे हैसियत होते हुए भी किसी शख्स ने कुर्बानी नहीं दी तो वह गुनाहगार होगा। जरूरी नहीं कि कुर्बानी किसी महंगे जानदार की की जाए। हर जगह कुर्बानी के हिस्से होते हैं, उसमें भी हिस्सेदार बन सकते हैं। अगर किसी शख्स ने साहिबे हैसियत होते हुए कुर्बानी नहीं दी है तो वह साल के बीच में सदका करके इसे अदा कर सकता है। सदका एक बार में न करके थोड़ा-थोड़ा भी दिया जा सकता है। सदके के जरिये से ही मरहूमों की रूह को सवाब पहुंचाया जा सकता है।

# आसमान से बरसी आग, लोग रहे बेहाल

**मौसम के हाल**

- उमस भरी गर्मी से लोग पूरे दिन हुए पसीना-पसीना
- जगह-जगह शर्बत की सबीलें लगाकर कराया वितरण
- आर्द्रता- 57 प्रतिशत

**37** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **26** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


रविवार की शाम बादलों की ओट से मुंह चमकाता सूरज। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लगातार गर्मी बढ़ रही है पूरे दिन तपिश से लोग परेशान रहे। बारिश तो नहीं हुई लेकिन, आसमान में बादल मंडराते रहे। बादलों के बीच से चमकते सूरज की तपिश से लोगों को पसीना-पसीना कर दिया। हालांकि, मौसम वैज्ञानिक निर्धारित समय से पूर्व मानसून आने का अनुमान जता रहे हैं। तपिश के चलते लोग सड़कों पर छाता लगाकर निकले। कुछ जगहों पर लोगों ने शर्बत की सबीलें लगाकर राहगीरों का गला तर कराया। लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों का खूब सेवन किया।

आसमान में बादलों के मंडराने और बारिश नहीं होने से उमस काफी बढ़ गई और उमस बढ़ने से लोग पसीना-पसीना होते रहे। सुबह सूरज निकला लेकिन, दोपहर में कुछ देर को बादल मंडराने से लोगों को लगा कि बारिश हो सकती है लेकिन,बादल कुछ देर उमड़-घुमड़कर आगे बढ़ गए। बादलों के बीच से सूरज की तपिश से लोग पसीना-पसीना होते रहे। फसलों को भी पानी की बहुत जरूरत पड़ रही है लेकिन, आसमान में बादल तो आ रहे हैं लेकिन, बारिश नहीं होने से किसान खासे मायूस हैं। फसलों की सिंचाई के लिए उन्हें काफी महंगा डीजल जलाना पड़ रहा है।

> मौसम शुष्क रहने का अनुमान है अधिकतम तापमान 38 से 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सापेक्षिक आर्द्रता 20 से 95 प्रतिशत रह सकती है। हवा नौ से 16 किमी प्रति घंटे की गति से चलने का अनुमान है।
> **-डा. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ**

# एक बार फिर मजबूत होकर उभरेगी कांग्रेस : प्रमिल

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर मजबूत होकर उभरेगी। पार्टी जनसंपर्क और आंदोलन से मुद्दों को उठाएगी।

शौकत अली रोड स्थित आवास पर कांग्रेस के समस्त फ्रंटल संगठनों, प्रकोष्ठों एवं नवगठित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। पूर्व विधायक एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर ने कहा कि आज जब देश में संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जिला कांग्रेस समन्वयक हाजी सगीर सईद खां ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को फिर से जनता के बीच मजबूत करेगा। शहर कांग्रेस समन्वयक ओमकार सिंह ने कहा कि आज की राजनीति में नफरत और झूठ का बोलबाला है, कांग्रेस इसके जवाब में सच्चाई, भाईचारे और संविधान की बात लेकर सामने आएगी। कांग्रेस समन्वयक उत्तम सिंह ने कहा कि संगठनात्मक एकता और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही पार्टी को आगामी चुनावों में सफलता दिला सकता है। एआईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान बबलू ने कहा कि देश आज गंभीर लोकतांत्रिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता एक सिपाही की तरह मैदान में डटा रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि युवाओं, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों की आवाज बनकर कांग्रेस आगे बढ़ेगी। संगठन को हर स्तर पर मजबूत करेगी। बैठक में कपिल चौधरी, दुर्गेश मौर्य, अजीब सिंह, सतनाम सिंह, नुसरत अली खां उर्फ साहिर रजा खां, शकील अहमद मंसूरी, वासिक अली, मोहम्मद इरफान अंसारी, जमील मियां, साजमान आर्य, फरीद खां, ताहिर अंजुम, हाजी नाजिश, मुईन पठान, मोहम्मद रफी, दामोदर सिंह गंगवार, इरफान आजाद रहे।

## सार-संक्षेप

### साइबर क्राइम से चौकन्ना रहें व्यापारी: कोतवाल

**स्वार अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे। उन्होंने नवागत कोतवाल प्रमोद कुमार मलिक को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया और उनसे शिष्टाचार भेंट की। कोतवाल ने व्यापारियों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज कल साइबर क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सभी व्यापारी और आम जनता सतर्क रहे। साइबर क्राइम ठगों का शिकार होने से बचें। साइबर क्राइम बहुत ही खतरनाक है। जिससे लोगों की मेहनत की कमाई हुई सारी पूंजी एक ही बार में खत्म हो जाती है। बैंक अकाउंट साफ हो जाते हैं। इसीलिए कोई भी साइबर क्राइम ठग अधिकारी बनकर फोन करता है तो आप उसके फोन को कट कर दें या थाने में सूचना करें और साइबर क्राइम ठागों से बचें। इस मौके पर नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिव ओतार सक्सेना मन्नू ,अजेन्द्र राठौर, मुशर्रफ अली, हाशिम शान, गुड्डू हाफि, अजीज मियां, फुरकान अली, अली रेहान अली, इरफान सलमानी, इरफान, बंटी खान, कदीर, इस्लाम आदि मौजूद रहे।


स्वार कोतवाल प्रदीप मलिक को गुलदस्ता भेंट करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**रामपुर, अमृत विचार।** रविवार को अपनादल एस पार्टी के विधायक शफीक अहमद अंसारी जी के कैम्प कार्यालय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शुगर,वीपी, थाइराइड,डेंगू व मलेरिया जांच की गई। डा. ओमकार सिंह के नेतृत्व में लगे शिविर का शुभारम्भ अपना दल एस जनपद रामपुर के जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल फौजी, जिला कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच ताज मोहम्मद, नगर अध्यक्ष रामपुर नजमी खान, विधानसभा अध्यक्ष रामपुर शहर तौहीद खान,जोन अध्यक्ष सुरजीत सिंह सागर, गुड्डू भाई, गोविंद सैनी आदि उपस्थित रहे।


शिविर में मौजूद लोग।

### शिक्षक, शिक्षिकाएं मथुरा में हुए सम्मानित

**रामपुर,अमृत विचार :** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार का सम्मान समारोह का पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय अध्ययन केंद्र केशव धाम मथुरा में हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों से आए नवोन्मेशी शिक्षकों द्वारा शैक्षिक नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें छत्तीस गढ़ से आए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षक मनोज शर्मा द्वारा ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड और इको फ्रेंडली मैनेजमेंट सिस्टम पर आधारित वीडियो का प्रस्तुतिकरण किया। राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रांतीय अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा प्रकाश डाला। उत्कृष्ट कार्यों एवं नवाचरों के लिए सम्मानित किया। जिसमें रामपुर के रेनू सिंह, कुशल राणा, श्वेता दूहन, अकांक्षा गौतम, भुजवीर सिंह को सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, चमरौआ ब्लॉक पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय मुड़ियाखेड़ा की शिक्षिका रीना कुमारी को भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली मथुरा में आयोजित ईको फ्रेंडली बर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन द्वारा राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट बेस पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला में हरित शिक्षक से सम्मानित किया। कार्यशाला में प्रदेश के परिषदीय स्कूलों से आए उन शिक्षकों को हरित शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने आकर्षक मयूर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सांस्कृतिक सौंदर्य घोल दिया। पीपीटी प्रस्तुतीकरण के आधार पर चुने गए प्रतिभागियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।


मथुरा में सम्मानित हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाएं।

# डीएम से मिलकर बताएंगे सफाई कर्मियों की समस्याएं


कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि। फोटो : अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ किसी एक वर्ग या जाति विशेष की नहीं है। बल्कि हर दर्दमंद की आवाज है। कहा कि जल्द ही सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर डीएम से मुलाकात की जाएगी।

राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ की बैठक फोटो चुंगी पर नव निवार्चित जिला अध्यक्ष सईद खान के आवास पर हुई। जिसमें मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रेम नरेश वाल्मीकि का फूल माला पहनाकर एवं पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इसके अलावा कुछ लोगों को सदस्यता भी दिलाई। जिसमें विमला देवी को महिला प्रदेश अध्यक्ष, नवीन कुमार को प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष सईद खान को बनाया। जिला प्रभारी सचिन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत, जिला सचिव मनोज कुमार, मोहित कुमार, सुभान अली को जबकि, नगर अध्यक्ष कौशल कुमार को बनाया। इस मौके पर सोनल भारती, राहुल,नरेश, जुगेश, बब्लू आदि लोग मौजूद रहे।

# मृतक के घर पहुंचे किसान नेता

**रामपुर,अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला सचिव मोहम्मद यासीन का बेटे हाफिज फुरकान के पुत्र मोहम्मद यासीन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बेटा हाफिज फुरकान की भी अस्पताल में मौत हो गई। भारतीय किसान यूनियन भानु के तमाम पदाधिकारी ग्राम सनकरा पहुंचे। 1 जून को मृतक के घर पर तमाम लोगों ने गमगीन माहौल में मोहम्मद यासीन को सुपुर्द खाक किया। किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी व अन्य लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत हाफिज अब्दुल सलाम, जिला अध्यक्ष सलीम वारसी, मोहम्मद आसिम राजा, आले हसन, इलियास अहमद, झंडालाल, रोशन लाल, हाजी शराफत अली, हाफिज शरीफ अहमद, हाफिज फरमान वारसी, मोहम्मद अली, मोहम्मद उमर, जमील प्रधान, महबूब अली, हाजी नूर, मोहन पांडे, सफदर अली, मेहंदी हसन, फरजंद अली मौजूद रहे।

# विकास अध्यक्ष, विनोद बने सचिव

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**चुनाव**

- भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी को दिलाई शपथ
- निवर्तमान सचिव द्वारा वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद् की मुख्य शाखा द्वारा शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रीय क्षेत्रीय और प्रांतीय पदाधिकारी की उपस्थिति में चम्पा कुंवरी न्यास धर्मशाला में हुआ।

कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों का अर्चना, अखिलेश कश्यप , मोहिनी, नवनीत कश्यप द्वारा द्वार पर तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभा का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों का पटका पहनाकर एव पर्यावरण के रक्षक पौधे को भेंट देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारम्भ हुआ। सोनिका गुप्ता एवं रुचि गुप्ता द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। सुमन गुप्ता, सोनिका गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, शालिनी चावला, श्वेता वर्मा द्वारा वंदे मातरम का गायन किया। निवर्तमान शाखा अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता द्वारा सभी का स्वागत किया गया। निवर्तमान सचिव द्वारा वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रांतीय महासचिव एवं अधिष्ठापन अधिकारी नीरज मित्तल द्वारा नए सदस्यों को शपथ दिलाई। वर्ष 2025-26 के लिए विकास पांडेय को अध्यक्ष, विनोद कुमार एडवोकेट को सचिव व अशोक कुमार कश्यप को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। शाखा की कार्यकारिणी के संजीव अग्रवाल को संयोजक सम्पर्क, रविन्द्र पाल सिंह को संयोजक संस्कार, समीर वात्सल्य को संयोजक सेवा, संजय रस्तोगी को संयोजक पर्यावरण, श्वेता वर्मा को संयोजक महिला सहभागिता की शपथ दिलाई। देवी अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। उनके जीवन से प्रेरणादायक घटना पर आधारित लघु नाटिका का मंचन श्वेता वर्मा, ललिता पुंडीर एवं स्नेहा, देवांशी, जाहन्वी द्वारा प्रस्तुत किया गया। नवनियुक्त सचिव विनोद कुमार द्वारा वर्तमान सत्र के कार्यक्रमो की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। डॉ. नितिन दालभ राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य सेवा , निर्मल कुमार मेहता क्षेत्रीय संयोजक सेवा, अजय कुमार विश्नोई क्षेत्रीय संयोजक संपर्क, जगन्नाथ चावला क्षेत्रीय सचिव पर्यावरण अजय कुमार कट्टा प्रांतीय अध्यक्ष , नीरज मित्तल प्रांतीय महासचिव, कविता खुराना क्षेत्रीय संयोजक बाल विकास एवं महिला सहभागिता ने संस्कार, सेवा, पर्यावरण व महिला सहभागिता के बारे में विचार व्यक्त किए। संरक्षक सतीश कुमार सक्सेना ने सभी अतिथियों का आभार जताया। संचालन शालिनी चावला पाण्डेय ने किया।

**कार्यक्रम** | भीषण गर्मी में स्काउट-गाइड ने पूरी लगन से की शीतल जल सेवा

# आपातकाल में भी सदैव तत्पर रहते हैं स्काउट और गाइड : राजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



स्काउट गाइड को संबोधित करते मुख्य अतिथि राजा वर्मा।

**अमृत विचार:** जिला प्रभारी मुख्य अतिथि राजा वर्मा ने कहा कि स्काउट-गाइड 11 दिन से लगातार यात्रियों को शीतल जल पिला रहे है यह प्रशंसनीय कार्य है। देखा है कि लोग आजकल केवल फोटो खिंचाने के लिए थोड़ी देर के लिए सेवा कार्य करते हैं। फिर एक दो घंटे बाद चले जाते हैं। स्काउट गाइड वह संगठन है जो आपातकाल में भी सदैव तत्पर रहता है। भारतीय सेनाओं द्वारा सिन्दूर आपरेशन के समय भी स्काउट गाइड को तैयार रहने के लिए कहा गया था। अगर आपरेशन सिन्दूर चल रहा होता तो आप वहां सेवा कर रहे होते तो शायद मुझे आपके बीच आने का सौभाग्य नहीं मिल पाता।

भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में रोडवेज परिसर पर आयोजित निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजा वर्मा का जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि हरीश कुमार गंगवार का स्वागत जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी ने स्कार्फ पहनाकर किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष हरीश कुमार गंगवार ने कहा कि स्काउट और गाइड के माध्यम से छात्र-छात्राओं में नेतृत्व की भावना, समाज एवं देश सेवा की भावना के साथ साथ मानवता की भावना का विकास होता है। गर्मी में जब व्यक्ति बाहर निकलने में घबराता है लेकिन स्काउट गाइड पूरी लगन से शीतल जल सेवा में लगे हुए हैं निश्चय ही संस्था बधाई की पात्र है।

मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, बृजेश कुमार, डॉ. शिव ओम शर्मा,रीता जैसवार, अनिल कुमार शर्मा, कपिल आर्य, अवतार सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, हरीश कुमार डुडेजा, लक्ष्मी यादव, जमाल फात्मा, निदा खुशनूद, महेन्द्र सिंह, ममता सिंह, कुलवंत कौर, गीता सैनी, इन्द्रजीत कौर, विधि राम मौर्य, राधे श्याम, सुखदेव सिंह, डॉ नन्दन प्रसाद गंगवार, आरटी शर्मा, उबैद अनस शम्सी, तुषार शर्मा, अंकित रस्तोगी, कुणाल चन्द्र, दीप चन्द्र, जीतू कुमार, नरवन्त कौर, प्रेम पाल सिंह एवं विभिन्न विद्यालयों के स्काउट- गाइड उपस्थित रहे।


लोगों को शर्बत बांटते शिक्षक।

### दीनबन्धु सेवा दल ने राहगीरों को बांटा शर्बत

रामपुर,अमृत विचार : चिलचिलाती धूप में राहगीरों को गरमी से राहत पहुंचाने के लिए दीनबन्धु सेवा दल द्वारा शर्बत की सेवा की। शहर में समाज सेवा में लगे शिक्षकों के समूह दीनबन्धु सेवा दल द्वारा प्रति माह मानव सेवा का कार्य किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को सबील लगाकर लोगों को शर्बत पिलाया गया। शाहबाद रोड पर श्री कृष्णा मंदिर पर दल के सदस्यों ने टेंट लगाया। झुलसा देने वाली गर्मी से राहत देने के लिए राहगीरों को शर्बत पिलाकर खुश्क गला तर कराया। सेवा के पश्चात सभी ने मिलकर सेवा स्थल पर साफ सफाई भी की। इस मौके पर संदीप कुमार भाटिया , जीवन सिंह विष्ट, रविन्द्रपाल सिंह, विनोद कुमार , चंचल सिंह, मधुबाला, दीपक पुंडीर, कुमकुम ,महेंद्र हल्दिया, मोहित सक्सेना,चंचल कुमार गुप्ता, राहुल जैन रहे।



राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज स्थित परीक्षा केंद्र का जायजा लेते डीएम, एसपी और नोडल अधिकारी।



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस बल।

# बीएड प्रवेश परीक्षा: 1553 में 190 रहे गैरहाजिर

## डीएम और एसपी समेत नोडल अधिकारी ने केंद्रों का लिया जायजा, दो पालियों में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई बीएड प्रवेश परीक्षा


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को हुई बीएड प्रवेश परीक्षा में 1553 परीक्षार्थियों में 190 गैरहाजिर रहे। जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र समेत राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य नोडल अधिकारी डॉ. जागृति मदान ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। दो पालियों में हुई बीएड प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई।

चार केंद्रों पर हुई बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 1553 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में 1361 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 192 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1553 के सापेक्ष 1363 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 190 परीक्षार्थी नदारद रहे। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक हुई जिसमें 87.64 प्रतिशत जबकि, दूसरी पाली अपराह्न 2 से 5 बजे तक हुई जिसमें 87.77 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले 8 बजे से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए और तलाशी के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष तक जाने दिया गया। जबकि, दूसरी पाली शुरू होने तक अधिकांश परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर रही रहे और दूसरी पाली की परीक्षा देकर घरों की ओर रवाना हुए।



परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी की तलाशी लेते शिक्षक।



पेपर को लेकर बात करते परीक्षार्थी



परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी।

> रविवार को चार परीक्षा केंद्रों पर बीएड परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हो गई। जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली।
>
> – डॉ. जागृति मदान धींगड़ा, नोडल अधिकारी

### सवाल सधे हुए और स्पष्ट

**रामपुर अमृत विचार :** बीएड प्रवेश परीक्षा के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों का पसीना छुड़ा दिया। परीक्षार्थियों ने बताया कि सवाल सधे हुए और सपाट थे। उलझे हुए नहीं थे जिन्होंने तैयारी की थी उनके लिए पेपर कोई मुश्किल नहीं था लेकिन, जो लोग उस स्तर की तैयारी नहीं कर सके थे उनको पेपर ने पसीने छुड़ा दिए। राजकीय खुर्शीद इंटर कालेज में दूसरी पाली का पेपर देने जा रही दिव्या ने बताया कि पहली पाली में आया प्रश्न पत्र बहुत बढ़िया था। सवालों को जलेबी की तरह घुमाया नहीं गया था। सीधे सवाल थे जिनका सीधा उत्तर उन्होंने दिया है। अमृत विचार टीम ने परीक्षार्थियों से बातचीत की।

### बोले परीक्षार्थी



प्रियंका। आकांक्षा। मनोज कुमार। नेहा।

प्रियंका ने कहा कि पेपर ज्यादा मुश्किल नहीं था जिन लोगों ने तैयारी की होगी उनके लिए बीएड प्रवेश परीक्षा में पास होना मुश्किल नहीं होगा। आकांक्षा ने बताया कि पेपर देखकर पसीने छूट गए थे लेकिन, पेपर पढ़ने के पश्चात कुछ समझ में आया और सवालों के जवाब दे दिए। मनोज कुमार यादव ने कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा के पेपर में कोई मुश्किल नहीं हुई। पेपर अच्छा हुआ है और उम्मीद है कि परीक्षा उत्तीर्ण कर लेंगे। नेहा का कहना था कि पेपर देखकर दिमाग चकरा गया था जो तैयारी की थी उतना पेपर में नहीं था लेकिन, जो प्रश्न पूछे गए थे सभी के उत्तर दिए हैं।

# घर में लगी आग, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार रात को किन्नरों के घर में आग लग गई। जिसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। उसके बाद फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। काफी समय तक मौके पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला ताशका का मझरा निवासी फिजा ने अपना मकान किन्नरों को दे रखा है। शनिवार रात को करीब 11 बजे से आग की लपटें उठती देख मौके पर लोग एकत्र हो गए। उसके बाद सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड के वाहन भी पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आग को बुझाना शुरू कर दिया। करीब दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान मौके पर हड़कंप मचा रहा।



मकान से उठती लपटें। फोटो : अमृत विचार

### किन्नरों का किसी बात पर हो गया था झगड़ा

किन्नरों ने उस मकान को किराये पर ले रखा है। वह पूरे दिन बाहर रहते हैं, शाम को आकर उसमे रहते हैं। सूत्रों की माने तो किन्नरों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसके बाद किन्नरों ने मकान में आग लगा दी, उसके बाद मौका पाकर वहां से फरार हो गए। जब पुलिस कर्मी आग को बुझा रहे,तब एक किन्नर आग बुझाने को मना कर रहा था। इससे जाहिर होता है कि आग किन्नरों द्वारा लगाई गई थी।

आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**तीन दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया:** आग की लपटें उठने के बाद आसपास के लोगों ने चीख पुकार मचा दी थी। चारों ओर भीड़ एकत्र हो गई थी। जब तक दमकल एक वाहन मौके पर पहुंचा आग ने विकराल रुप ले लिया था। इसके बाद दमकल के दो वाहन और बुलाए गए और तीन वाहनों ने आग पर काबू पाया। उसके बाद देर रात को लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस को भीड़ को किनारे कराया था।

# जोन में रामपुर को मिला प्रथम स्थान

**रामपुर,अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शासन की मंशा के अनुरूप चलाया गए परवाह अभियान जन आंदोलन बनकर कीर्तिमान रच रहा है। देश भर में करीब 100 लाख लोग अब तक इस अभियान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ चुके हैं। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में 19 अप्रैल से 19 मई तक डिजिटल सड़क सुरक्षा अभियान परवाह ने रिकॉर्ड सफलता अर्जित की है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। बरेली जोन की 11 सोशल मीडिया टीमों की सहभागिता से चलाए गए इस एक महीने के अभियान ने डिजिटल माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर नई लहर पैदा की। बरेली जोन की पुलिस ने अभियान को डिजिटली सशक्त बनाया है। एक्स और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया गया।

# दुकानदारों ने तीसरे दिन भी किया प्रदर्शन, नारेबाजी

संवाददाता,मिलक

**अमृत विचार:** 72 दुकानों को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें व्यापारी और दुकानदार तीसरे दिन भी अपनी दुकानें बचाने के लिए धरना प्रदर्शन किया।

नगर के एनएच-24 स्थित तीन बत्ती चौराहे से तहसील तक 40 दुकानों को हटाने के लिए तीन दिन का नोटिस दिया गया था। बिलासपुर रोड पर 32 दुकानों को एक सप्ताह का नोटिस मिला था, जो शनिवार को समाप्त हो गया। दुकानदारों ने अपनी दुकानें टूटने से बचाने के लिए तीसरे दिन भी प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। कपड़ा व्यापारी से लेकर फल व सब्जी विक्रेता भी धरने पर बैठे और नारेबाजी की। नगर का बाजार बंद होने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरा दिन गुलजार रहने वाला बाजार धरना प्रदर्शन के कारण सूना पड़ा है। व्यापारियों और दुकानदारों के धरना प्रदर्शन के कारण लोगों को जरूरत के सामान के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अगर दुकानें टूटीं तो लोगों को और ज्यादा परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। वहीं रामपुर से आए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर व्यापारियों और दुकानदारों से मुलाकात की।

**विरोध**

- दुकानें बंद रख कर पालिका प्रशासन पर जताया आक्रोश
- मिलक की 72 दुकानों को दिया गया था नोटिस

# एचआर रॉयल क्लब ने दर्ज की जीत

**टांडा अमृत विचार :** जफर इकबाल, मोहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में एचआर रॉयल क्रिकेट क्लब टांडा व एमएमके क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें एचआर रॉयल क्रिकेट क्लब ने 7 विकेट से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएमके क्लब के कप्तान समीर चंदाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एमएमके क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 120 रन बनाए। बल्लेबाज पारितोष ने सर्वाधिक नाबाद 50 रन, सौरव रावत ने 25 रन, पृथ्वी गैरा ने 19 रन, व शारिक चौधरी ने 8 रन बनाए। अतिरिक रन 13 मिले। एचआर रॉयल क्लब के गेंदबाज फरमाजिल व अदना ने 2-2 विकेट तथा नासिर व नौवान ने एक-एक विकेट लिए। 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एचआर रॉयल क्लब ने 15 .1 ओवर में 124 रन बनाए जबकि उसके 3 खिलाड़ी आउट हुए। बल्लेबाज नासिर पीटरसन ने नाबाद 49 रन, जुनैद ने 18 रन,अफसर अली ने 15 रन और उवैस खान ने 13 रन बनाए। जबकि अतिरिक्त 23 रन रहे। एमएमके क्लब की ओर से गेंदबाज पारितोष और असद कुरैशी ने एक एक विकेट, प्राप्त किए।

# बैगुल नदी बांध पर ईको टूरिज्म को दिया जाएगा बढ़ावा

संवाददाता,बिलासपुर

**अमृत विचार:** खजुरिया क्षेत्र के सीमांत बरेली बार्डर स्थिल खमरिया बैगुल नदी बांध पर ईको टूरिज्म बनाने को लेकर पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के आग्रह पर बरेली के कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने पर्यटन स्थल बनाने को पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के मुकेश कुमार को पत्र भेजा। जिसके आधार पर पर्यटन विभाग के कान्टेक्टर हिमांशु दिवाकर ने बांध पर पहुंचकर किसानों से बातचीत कर बांध परिसर का निरीक्षण किया।

क्षेत्र के जिला बरेली एवं जिला रामपुर की सीमा पर स्थित खमरिया बैगुल नदी पर पूर्व विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र के तमाम किसानों द्वारा बनाए गए बांध पर पर्यटन स्थल बनाने को लेकर पूर्व विधायक और किसानों ने एक माह पूर्व में जिला बरेली के मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल से बातचीत कर ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के मुकेश कुमार को एक पत्र लिखा है कि जनपद बरेली में नाथ कॉरिडोर के विकास से पर्यटकों के आवागमन में विस्तार वृद्धि के चलते जनपद के अंतर्गत पर्यटकों के लिए प्राकृतिक व स्वास्थ्य मनोरंजन स्थल एवं ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को दृष्टिगत जनपद मुख्यालय बरेली से 50 किमी की दूरी पर तहसील बहेड़ी के ग्राम खमरिया स्थित बैगुल नदी पर कच्चे बांध जलाशय को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किए जाने से न केवल स्थाई निवासियों को पर्यटन के लिए एक रमणीक ईको टूरिज्म उपलब्ध होगा। बरेली-नैनीताल मार्ग के समीप स्थित होने से इस मार्ग के पर्यटकों को भी एक रमणीक स्थान मिल सकेगा। जिसके पत्र के अनुसार पर्यटन विभाग के हिमांशु दिवाकर शनिवार को बांध पर पहुंचे। उन्होंने बांध पर पहुंचकर बांध परिसर का नक्शा बनाया।

**नगर पंचायत मसवासी** | बजरंग दल संयोजक ने उच्च अधिकारियों से की शिकायत

# कूड़ेदान में फेंके श्रीराम और शहर विधायक के फोटो, आक्रोश

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने जिला अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को ट्वीट कर शिकायत की है। कहा गया कि नगर पंचायत कार्यालय के बाहर कूड़ेदान में भगवान श्रीराम और शहर विधायक आकाश सक्सेना के फोटो कूड़ेदान में फेंक दिए गए हैं। जिसमें नगर पंचायत कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध है।

रविवार को बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी समेत अन्य अफसर को ट्वीट पर शिकायत की है की नगर पंचायत के कूड़ेदान में भगवान श्रीराम और शहर विधायक आकाश सक्सेना के फोटो फेंक दिए हैं। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस मामले में नगर पंचायत के कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है अगर वह मौके पर जाकर शिकायत करते तो उन पर चोरी का आरोप लग जाते इसलिए वह नगर पंचायत कार्यालय नहीं पहुंचे।

कूड़ेदान में फोटो फेंककर भगवान श्रीराम का अपमान किया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया की कूड़ेदान से फोटो अभी तक नहीं निकाला गया है। शहर विधायक आकाश सक्सेना का फोटो भी कूड़ेदान में ही पड़ा हुआ है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से नगर पंचायत कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।




मसवासी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कूड़ेदान में पड़ा श्री राम और शहर विधायक आकाश सक्सेना का फोटो।

### टांडा पालिका प्रशासन ने तहसील के पास बनी दुकानों को दिया नोटिस

**टांडा अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन ने अब रामपुर मार्ग पर तहसील के गेट के पास बनी सात दुकानों को खाली करने का नोटिस सम्बंधित दुकानदारों को दिया है। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। उनका कहना है कि दुकान खाली करने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। इससे पूर्व नगर पालिका द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज के गेट के पास बनीं 24 दुकानों को 20 मई को ध्वस्त किया जा चुका है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा काफी समय पूर्व तहसील के गेट के पास 7 दुकानों का निर्माण कराया गया था और दुकानों को बाकायदा किराए पर दिया गया था। जिनका किराएदारों द्वारा नियमित किराया नगर पालिका प्रशासन को अदा किया जा रहा है। अब अधिशासी अधिकारी द्वारा 27 मई को संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों को खाली करने का निर्देश दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि दुकान तहसील की भूमि पर बनी हैं जिन्हें खाली किया जाना है। यदि निर्धारित समय अवधि में संबंधित दुकानदारों द्वारा दुकानों को खाली नहीं किया जाता है तो पालिका प्रशासन अपने स्तर से कार्रवाई करते हुए दुकानों को खाली कराएगा। नगर पालिका के नोटिस से दुकानदारों में खलबली मच गई है।

## सार-संक्षेप

### बाजार गई किशोरी रास्ते से हुई लापता

**रामपुर अमृत विचार :** बाजार गई किशोरी रास्ते से गायब हो गई। महिला ने एक युवक पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों की तलाश कर रही है। मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला का कहना है कि 28 मई को उसकी बेटी बाजार जाने की बात कहकर गई थी। उसके बाद वह लौटकर वापस नहीं आई,तो परिजनों के होश उड़ गए। उसके बाद काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। फिर करन नाम के युवक पर किशोरी का अपहरण करके ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बैंक पेंशनर्स ने अधिकारियों को समस्याएं बताईं

**रामपुर, अमृत विचार :** एसबीआई के मुख्य प्रबंधक देवेश कुमार मित्रा ने कहा कि स्टाफ पेंशनर्स को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इससे पहले पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं से रूबरू कराया। सभी समस्याओं का निराकरण क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार जी द्वारा तुरन्त कर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि स्टेट बैंक पेंशनर्स की मान मर्यादा की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है इनको किसी भी हालत में कोई कठिनाई नहीं होगी। अध्यक्षता स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार सक्सेना ने जबकि, संचालन विमल कपूर और अभिलाष मिश्रा ने किया। इस मौके पर डीके सिंह, कृष्ण गोपाल सिंहा, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शरद गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, रामवीर गुप्ता, वीरेंद्र कपूर, महेश बाबू कपूर, मदन लाल बड़े बाबू, रविंद्र कपूर, दिनेश कुमार, संजय अग्रवाल रहे।

### वीडियो वायरल होने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर,अमृत विचार :** युवक का तमंचे व चाकू के साथ इंटरनेट मीडिया पर फोटो और वीडियो प्रसारित होने पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव देवीपुरा से जुड़ा बताया जा रहा है। गांव निवासी जमाल ने तमंचे व चाकू के साथ अपना फोटो खींचा। इसके बाद उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। फोटो प्रसारित होने पर लोगों ने इसकी शिकायत एक्स पर पुलिस से की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने संज्ञान लिया और प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को इस प्रकरण की जांच का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में जमाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सेवा फार्मेसी ने एकता क्रिकेट क्लब को 52 रन से हराया

**रामपुर अमृत विचार :** सेवा फार्मेसी और एकता क्रिकेट क्लब के बीच रविवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें फाइनल मैच सेवा फार्मेसी ने जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया ।समाजसेवी मामून शाह के द्वारा रामपुर ट्रॉफी क्रिकेट मैच का आयोजन 17 मई से महात्मा गांधी स्टेडियम में कराया जा रहा था। टूर्नामेंट में 12 टीमों ने हिस्सा लिया था। रविवार को सेवा फार्मेसी और एकता क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मैच खेला गया। पहले टॉस जीतकर सेवा फार्मेसी ने 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्रिकेट क्लब मात्र 102 रन पर ऑल आउट हो गई। जिससे सेवा फार्मेसी की टीम ने 52 रन से फाइनल मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सना मामून और शहर कोतवाल ओमकार सिंह ने विजयी टीम को ट्रॉफी सौंपी।

### शिविर में बच्चों ने कला का किया प्रदर्शन

**बिलासपुर अमृत विचार :** होली चाइल्ड स्कूल के प्रांगण में आयोजित दस दिवसीय कन्डीशनिंग कैम्प-द कूल्स-2025 का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने बताया कि समर कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों के लिए बहुत ही रोचक व शैक्षिक थीं। सभी बच्चों ने इस कैंप में अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों ने तैराकी, फ्लोटिंग, बेलेंसिंग, फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटर फ्लाई, डाइविंग इत्यादि का प्रशिक्षण लिया। इसके अतिरिक्त बच्चों को डांस, म्यूजिक, पेंटिंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फायरलेस कुकिंग आदि भी सिखाया गया। बाद में सभी प्रतिभागियों को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। वहीं, विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने कहा कि अपनी कला, क्षमता व आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। इस मौके पर संरक्षक योगराज बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रदीप कुमार जोशी, मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह, विल्सन मैसी, शिवांग श्रीवास्तव, पलाश भारद्वाज, सूरज बिस्वाश, शीतल खुराना, हिमानी शर्मा, हेरोशित मंडल, तरन्नुम खान सहित आदि रहे।

### प्रदेश महामंत्री का किया स्वागत

**रामपुर,अमृत विचार :** रविवार को उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन के प्रदेश महामंत्री शिशिर शर्मा के रामपुर आगमन पर जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में यूनिट अध्यक्ष मोहम्मद जुहैब, रमेश चंद्र उपाध्यक्ष, योगेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, संतोष कुमार सिकंदर, अफजल,विशाल कुमार,रिजवान, पूरनलाल, शाहबाज खान,रॉबिन चौधरी मौजूद रहे।

### कई स्थानों पर लगाए गये पौधे

**रामपुर,अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा ज्वालानगर आगापुर में विभिन्न स्थानों पर औषधीय पौधे लगाए। जिससे पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर दिखे ।आने वाली पीढ़ी को औषधीय पौधों का लाभ प्राप्त हो सके। औषधि पौधों से, पेड़ों से आने वाला जीवन स्वस्थ और तंदुरुस्त होगा पर्यावरण स्वच्छ होगा। लगाए गए पौधे जिसमें नीम,अर्जुन आदि के पौधे लगाए। जिनके वृक्ष बनने तक ब्राह्मण सभा द्वारा इनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। पौधे लगाने में जिला अध्यक्ष शिवम भारद्वाज, पराग मणि वशिष्ठ, शिवम कौशिक, सूरज शर्मा, सनी पंडित, मनोज कुमार शर्मा, विट्ठल शर्मा एवं नीलेश्वर मणि वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल और इंटर के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी मार्ग स्थित गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। रविवार की सुबह विद्यालय परिसर में कक्षा 10 और 12 के मेधावियों को विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल और प्रधानाचार्य पुष्पा बिष्ट ने सीबीएसई बोर्ड में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इसके अलावा जनपद की टॉपटेन लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय की छात्रा मुल्ताजिम खान और गुनदीप कौर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्याम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित आदि लोग रहे।

### सांसद ने सीसी रोड का किया उद्घाटन

**रामपुर,अमृत विचार :** सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सीसी रोड का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा जिला काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के नेताओं ने जिले में विकास नहीं कराया है। दावा किया कि वर्ष 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी ।जिले में विकास की गंगा बहेगी। कोई भी गली रास्ता कच्चा नहीं रहेगा। गर्मी के मौसम में खासकर देहात क्षेत्र में बिजली की समस्या बहुत हो रही है। कई-कई घंटे बिजली गायब रहती है। सपा सरकार बनने पर देहात क्षेत्र में भी 24 घंटे बिजली दी जाएगी। लाला वाले बाग हाईवे पर सनकरा गांव के यासीन व उनके बेटे फुरकान हाफिज साहब का एक्सीडेंट हो गया था। बाप बेटे दोनों की एक्सीडेंट में इंतकाल हो गया था। सांसद नदवी ग्राम सनकरा पहुंचकर दोनों बाप बेटे के दफन में शामिल हुए। इस मौके पर हाफिज नूरी, मकतब अहमद, इंतजार खान, जमीन सैफी, जुबैर अहमद, आसिफ अली, अरशद अली, सैफ, अनवर और सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा मौजूद रहे।

### समर कैंप में छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में विद्यालय में चल रहे समर कैंप में 12 वें दिन सर्वप्रथम छात्राओं में रेणु देवी ,अफीफा,तबस्सुम और ने विभिन्न प्रकार के योगों का अभ्यास कराया। बबीता गुप्ता, नाजिया और खदीजा ने छात्राओं को विभिन्न की भाषाओं के बारे में बताया। भाषा वृक्ष का चार्ट पेपर आदि पर निर्माण कराया। शमीम खान,रेणु देवी, बबीता गुप्ता ने छात्राओं को कल्पनाशील डायरी और कल्पनाशील कहानी बनाने के तरीके बताएं। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की खेल भी छात्राओं को खिलवाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि यह समर कैंप छात्रों को विभिन्न प्रकार की नई-नई चीज सीखने और उन्हें सीखने की रुचि पैदा करने का माध्यम बना है, जिसका लाभ सभी छात्राओं को उठाना चाहिए। इस अवसर पर तबस्सुम, नाजिया, खतीजा, अफीफा ,राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार ,राशिद खान, राधा और राधा रानी उपस्थित रहे।

### रसायन मुक्त खेती करने पर दिया जोर

**रामपुर अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन विकास खंड चमरौआ के ग्राम करीमपुर सर्की, वाजिदपुर में हुआ। सैदनगर के ग्राम बजावाला, बगरव्वा, खंडिया तथा बिलासपुर के ग्राम-नानकार रानी, गजरौला, पजावां कुल 9 ग्रामों में किया गया। विकास खंड चमरौआ में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के सौरभपाल सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कृषकों से रसायन मुक्त खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती, जैविक खेती करने पर जोर दिया गया। सोमवार को चमरौआ के ग्राम-लालूनगला, पीपलगांव, चमरपुरा व सैदनगर के ग्राम-काशीपुर, सैंजनी नानकार, आंगा तथा बिलासपुर के ग्राम-दनकरा, उदयपुर, पीपलिया मिश्र में कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा।

## एक नजर

### समर कैंप में योग से निरोगी रहने के दिए टिप्स

बहजोई,अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन में समर कैंप के बारे में 12 वें दिन योग का अभ्यास कराया। योग से निरोग रहने के टिप्स दिए। राजीव सिंह द्वारा योग एवं व्यायाम कराया गया। गोपाल बाबू वार्ष्णेय ने गतिविधियों के बारे में बताया कि पहली गतिविधि कल्पनाशील कहानी है। इसमें विद्यार्थियों को चित्र दिखाकर कहानी लिखने को कहा। प्रधानाचार्य सीपी सिंह, वरिष्ठ गोपाल बाबू वार्ष्णेय, राकेश कुमार, कनका, राजीव सिंह राणा, रूप किशोर, कल्पना सहित आदि ने सहयोग किया।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन मोहम्मदपुर गांव निवासी अरकान रविवार को किसी काम से बाइक द्वारा संभल जा रहा था। गांव खरसपा में पेट्रोल पंप पर पहुंचा तो गांव भमौरी पट्टी मार्ग के मोड़ से तेज गति से आ रहे भमौरी पट्टी के वीरेश ने बिना देखे बाइक को लिंक मार्ग से सड़क पर चढ़ा दिया। जिससे दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में अरकान और वीरेश घायल हो गए। पुलिस ने अरकान को निजी वाहन से संभल भेज दिया जबकि वीरेश को सौंधन मोहम्मदपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### किसान ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

गुन्नौर,अमृत विचार : गांव नदरौली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक हरि शंकर का पुत्र विजय पाल ( 40 वर्ष ) शनिवार रात को गले में लुंगी का फंदा कस टिनशेड की सपोर्ट से लटक गया। विजय रात को पशुशाला में ही सोता था। शनिवार शाम करीब छह बजे उसने पत्नी माला को खाना लेने घर भेजा और खुद फंदा कस लिया। खाना लेकर पत्नी लौटी तो पति को फंदे से लटका देख चीख निकल गयी। कहा जा रहा है कि वह साहूकारों के कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान था। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि घटना की सूचना नहीं मिली है।

### शादी के कार्ड बांटने जा रहा युवक दुर्घटना में घायल

बहजोई,अमृत विचार : बहजोई के गांव मदारा निवासी अजय पुत्र विजेंद्र की 7 जून को शादी है। वह शादी का निमंत्रण देने अपनी बुआ के यहां धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुनवर सराय जा रहा था। जैसे ही वह बहजोई बबराला मार्ग स्थित गांव खजरा खाकम के निकट पहुंचा तो चंदौसी की ओर से जा रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। बस चालक बस को लेकर मौके से फरार हो गया।

# ममता कुलकर्णी ने कल्कि धाम में लगाया ध्यान, किया शिलादान

## किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने शिला पूजन किया, बोलीं, भगवान कल्कि ने साक्षात दर्शन दिये

- बोलीं, कलियुग धर्म और अधर्म की लड़ाई के कगार पर खड़ा है

कार्यालय संवाददाता,संभल



ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करतीं ममता कुलकर्णी।



● अमृत विचार एकांत ध्यान करतीं ममता कुलकर्णी।

अमृत विचारः अभिनेत्री से साध्वी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी रविवार को संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम पहुंचीं। उन्होंने शिला दान किया वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजित शिलाओं के सामने ध्यान लगाया।

महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने कहा कि मैं खुद को गौरवान्वित समझती हूं कि मुझे कल्कि धाम में शिलादान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि मैं ऋषि जनमेजय के गोत्र से हूं। भगवान परशुराम भी उसी गोत्र के हैं और वही कलयुग में अवतरित होने वाले भगवान कल्कि के गुरु होंगे। उन्होंने कहा कि जब वह कल्कि धाम में ध्यान में बैठी थीं तब उन्हें भगवान कल्कि ने साक्षात दर्शन दिये। कहा कि धर्म की वजह से ही कलियुग का अभी उतना प्रभाव नहीं है। अभी घोर कलयुग आने वाला है। जैसे कि समुद्र मंथन असुर और देवताओं के बीच में था ठीक वैसे ही कलियुग भी इस कगार पर खड़ा है और यह भी धर्म और अधर्म के बीच का द्वंद है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साक्षात महाकाल की कृपा है। भगवान महाकाल ही उनको टिका कर रखेंगे। 24 नवंबर के बाद संभल में कूप और तीर्थों के निकलने पर महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने कहा कि काफी लंबे समय तक मुगलों का राज रहा है और यह स्वाभाविक है जब मुगल आएंगे तो अपने धर्म को ही स्थापित करेंगे और उनके धर्म में साफ-साफ लिखा है कि मूर्ति पूजा निषिद्ध है। मैंने हमेशा एक ही संदेश दिया है कि जो सभी में एक देखेगा वही सनातन धर्म है।



ममता कुलकर्णी को गंगाजली भेंट करते पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम।

### कल्कि धाम पर हुआ मासिक सत्संग

श्री कल्कि धाम में नियमित मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ ब्रह्मा पंडित अखिलेश्वर शास्त्री रहे। यज्ञ में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर कल्याण देव, महामंडलेश्वर आचार्य हरमनोजदास , नक्षत्रेश कुमार आर्य, सत्यानंद महाराज आदि ने आहुतियां दीं। सत्संग में जसपुर के पूर्व विधायक डा. शैलेन्द्र मोहन सिंहल, रामकिशोर त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, खिलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 14 मिनट तक आंख बंद कर किया मंत्रोच्चार

महामंडलेशवर ममता कुलकर्णी रविवार दोपहर को कल्कि धाम पहुंचीं । मंत्रोच्चार व मंगलाचरण से उनका स्वागत किया गया। वह कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य संतों के साथ उस जगह पहुंचीं जहां प्रधानमंत्री द्वारा पूजित शिलाएं थीं। वहां ममता कुलकर्णी ने शिला दान किया। इसके बाद आंखें बंद कर साधना शुरू की। उन्होंने तेज स्वर में मंत्रोच्चार किया जो बाहर तक सुनाई दे रहे थे। इस दौरान साउंड सिस्टम बंद करा दिया गया। ममता कुलकर्णी लगातार 14 मिनट तक आंख बंद कर मंत्रोच्चार करती रहीं। साधना के बाद वह बाहर आईं तो लोगों की दृष्टि में बदलाव नजर आ रहा था। धाम में प्रवेश के समय जो लोग उन्हें फिल्म अभिनेत्री के रूप में देख रहे थे वही बाद में साध्वी के चरण स्पर्श करते दिखे।

### डेढ़ करोड़ की गाड़ी से धाम पहुंचीं ममता कुलकर्णी



इसी कार से आईं ममता कुलकर्णी।

रविवार दोपहर ममता कुलकर्णी जिस लक्जरी कार में कल्कि धाम में आईं चर्चा रही कि उस कार की कीमत डेढ़ करोड़ के आसपास है। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि कार ममता कुलकर्णी की नहीं थी बल्कि उनके एक अनुयाई की थी। ममता कुलकर्णी फ्लाइट से दिल्ली पहुंची थीं जहां से धाम व उनसे जुड़ा भक्त उन्हें अपनी कार में लेकर कल्कि धाम आया था।

# संभल में जिला मुख्यालय के लिए व्यापारियों का प्रदर्शन



संभल में जिला मुख्यालय के लिए प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री से संभल में जिला मुख्यालय स्थापित कराने की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि मुख्यालय संभल का हक है और इसके लिए जनता कई वर्षों से तरस रही है।

रविवार को मुख्य बाजार में इकट्ठा हुए व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए संभल में जिला मुख्यालय की मांग उठाई। व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष शाकिर अली खां वास्ती ने कहा कि मुख्यालय संभल में ही बनना चाहिए। यह संभल का हक है। सरकार बड़ा बजट दे रही है। यहां बड़ी आबादी रहती है जबकि बहजोई छोटा सा कस्बा है। संभल ऐतिहासिक नगरी है और पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहा है। वैश्य महासभा के महामंत्री अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पिछले 50 साल से संभल की जनता यह मांग करती आ रही है कि संभल में मुख्यालय होना चाहिए। आरएसएस ने करीब 45 साल पहले संभल को जिला मुख्यालय घोषित किया मगर जनता मुख्यालय के लिए तरस रही है। बहजोई, पंवासा वालों ने कुछ नहीं मांगा लेकिन संभल की मांग की अनदेखी कर दी गई। आज मौजूदा सरकार में भी सुनवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर जांच करानी चाहिए। संभल को जिला मुख्यालय दिया जाए। इस दौरान तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# 1131 अभ्यर्थियों ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल में तीन केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा हुई। 1131 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया जबकि 149 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान डीआईओएस और अन्य अधिकारियों ने भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को देखा।

संभल में उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए राजकीय महाविद्यालय हयातनगर, एमजीएम कॉलेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज और परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रविवार को दिन निकलते ही अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू किया। मुख्य द्वार पर प्रवेश पत्र और अन्य दस्तावेज देखने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। डीआईओएस श्यामा कुमार, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह और अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों के बाहर यातायात पुलिस कर्मियों ने यातायात की व्यवस्था संभाली। परीक्षा होने के बाद चौराहों पर अभ्यर्थियों की भीड़ पहुंची तो यातायात पुलिस कर्मियों ने व्यवस्था बनाई। वाहनों को पास कराते हुए यातायात सुचारू किया। डीआईओएस श्यामा कुमार ने बताया कि तीन केंद्रों पर दो पालियों में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1280 में से 1131 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 149 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।



शंकर कालेज केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आतीं परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- परीक्षा को लेकर केंद्रों पर रहे निगरानी और सुरक्षा के प्रबंध अधिकारी करते रहे भ्रमण

### परीक्षार्थियों ने जताई अच्छे की उम्मीद

मोहम्मद अजहर ने कहा कि .मैंने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा दी है। प्रश्नपत्र काफी अच्छा रहा। इजी प्रश्न थे। सफलता मिलने की उम्मीद है। रीतेश ने कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जो तैयारी की थी वह काम आई। परीक्षा में अच्छे प्रश्न आए जिनके आसानी से उत्तर दिए हैं। समता ने भी सफलता मिलने की उम्मीद जताई। अनम वाहिद ने कहा कि परीक्षा में जो प्रश्न आए थे उनके उत्तर बिना किसी परेशानी के दिए।

## सार-संक्षेप

### भारत विकास परिषद ने मनाई माता अहिल्याबाई की जयंती




चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय विकास परिषद की ओर से अहिल्याबाई होल्कर की जयंती व विश्व धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन साहू झुन्नी लाल धर्मशाला में किया गया। मुख्य अतिथि नागेश गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का शासन धार्मिक, सहिष्णुता, जनसेवा के लिए हमेशा याद किया जाएगा। परिषद की ओर की कक्षा 10 की निर्धन छात्रा सोनम दुबे को पाठ्यक्रम की पुस्तकें, कॉपी, रजिस्टर व 1100 रुपये की धनराशि प्रदान की गई। परिषद सचिव डॉ दुर्गा टंडन तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। भावना गुप्ता, दिनेश चंद्र गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, संजीव शर्मा, अभिषेक गुप्ता, प्रभात कृष्णा, विपिन गुप्ता, सुमन गुप्ता, जयशंकर दुबे आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब अमन ने किया भोजन वितरण

चन्दौसी, अमृत विचार : रोटरी क्लब अमन की ओर से रामबाग रोड स्थित श्री वेणुगोपाल मंदिर के समीप निशुल्क भोजन वितरण किया गया। 600 से अधिक राहगीरों ने पहुंच भोजन ग्रहण करने के साथ ठंडे शरबत का आनंद लिया। क्लब अध्यक्ष अमित कुमार व सचिव अतुल कुमार ने बताया कि रोटरी अमन समय-समय पर जरुरतमंदों को भोजन वितरण कराता आ रहा है। पवन कुमार, विकास कुमार, गिरीश कुमार, प्रवीण अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, भूपेंद्र गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, राहुल कुमार, गिरीश गुप्ता, विनय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



### बकरीद पर न डालें कोई नई परंपरा




संभल/सिरसी,अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी में स्थित पुलिस चौकी में अमन कमेटी की बैठक में सीओ ने आलोक भाटी ने कहा कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक स्थान पर पशु की कुर्बानी नहीं की जाएगी। कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेष आदि को बाहर न फेंका जाए। सफाई कर्मचारी घरों से ही उसे उठाकर ले जाएंगे। किसी भी सूचना के लिए डायल 112 को मिलाया जाए। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचेगी। कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट नहीं करेगा। थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर, नगर पंचायत चेयरमैन कौसर अब्बास, असगर अली अंसारी, आदित्यवीर सागर, मुफ्ती आलम रजा नूरी, शानू, अकरम खां, महबूब अली, अजय यादव, रिंकू, फरमूद अहमद, कयामुद्दीन, हबीब रजा, शकील अहमद, फैयाज, रियासत, फिरोज हैदर, साहिर किदवई, आशिक अब्बास आदि रहे।

# शार्ट सर्किट से गत्ता गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः जारई गेट में गत्ते के गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने समर्सिबल से पानी की बौछार कर करीब आधा घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आग से 2 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है।

जारई गेट निवासी इमरान का गत्ते का गोदाम है। रोजाना की तरह शनिवार की रात गोदाम बंद कर वह घर चला गया था। रात 10.45 बजे गोदाम के बाहर तारों में शार्ट सर्किट की चिंगारी गोदाम में चली गई। धुआं निकलने के बाद गोदाम से आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया। गोदाम में आग लगी देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घरों के समर्सिबल से पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद गोदाम की आग बुझ सकी। आग की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की। गोदाम मालिक इमरान ने बताया कि आग से करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि आग की सूचना पर पुलिस पहुंची थी।



जारई गेट पर गोदाम से उठतीं लपटें।

### सिलेंडर लीक होने पर घर में लगी आग, अनाज, बर्तन समेत सामान जला

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर लीक होने पर घर में आग लग गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत करके किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से घरेलू सामान जलकर राख हो गया और करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ। असमोली थाना क्षेत्र के गांव बुकनाला निवासी सलमान हैदर के घर पर छप्पर पड़ा है। सलमान हैदर ने रविवार को ही नया गैस सिलेंडर लिया था। देरशाम को उसकी बेटी फईम जहरा सिलेंडर को चेक करने लगी। तभी लीकेज हुए सिलेंडर ने आग पकड़ ली और छप्पर में भी आग लग गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत करते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग से छप्पर के अलावा तीन मोबाइल, अनाज, बर्तन समेत तमाम सामान जल गया। जिससे करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ।



संभल के बुकनाला गांव में मकान से उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

### किशोरी ने लगाया सौतेले पिता पर दुष्कर्म का आरोप

चन्दौसी, अमृत विचारः किशोरी ने सौलेते पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर पुलिस बुला ली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

एक मोहल्ला निवासी किशोरी ने पुलिस को कॉल कर घर बुलाया। बताया कि उसका सौतेला पिता दो-तीन बार दुष्कर्म कर चुका है। उसने मां को बताया तो उसने किसी को बताने से रोक दिया। किशोरी ने कहा कि उसका सौलेता पिता उससे कहता था कि जल्दी खा-पीकर बड़ी हो जा। पिता ने धमकी दी कि अगर पुलिस को बताएगी तो जेल से छूटकर वापस आने के बाद उसे जान से मार देगा। भाई-बहन को भी मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां की ओर से शिकायत दी गई है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### पहले दिन 4 ई रिक्शों सहित आधा दर्जन वाहन सीज



संभल , अमृत विचार : शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने संभल जिले में अवैध ई रिक्शों के खिलाफ चेकिंग अभियान की शुरूआत की। जिसमें 10 वाहनों का चालान करते हुए 4 अवैध ई रिक्शों सहित आधा दर्जन वाहनों को सीज किया। रविवार को एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन डॉ .पीके सरोज और पीटीओ योगेंद्र यादव ने चेकिंग अभियान की शुरूआत की। जिसमें 4 अवैध ई रिक्शों और व्यावसायिक प्रयोग करने पर 2 निजी वाहनों का चालान करते हुए थाना हजरतनगर गढ़ी और थाना बनियाठेर में सीज कराया। वहीं बिना प्रपत्र और यातायात नियमों का उल्लंघन करने में चार अन्य वाहनों का चालान किया। एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन डॉ .पीके सरोज ने बताया कि जिले में यह अभियान 15 जून तक चलेगा। सड़कों पर बिना पंजीयन दौड़ रहे ई रिक्शों का चालान और बंदी की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चालकों से अपील की कि वह ई रिक्शों को पंजीकृत कराकर संचालन करें।

### छात्रा सहित दो किशोरियों से दुष्कर्म,तीन पर रिपोर्ट

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग गांवों में आठवीं की छात्रा सहित दो किशोरियों से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी 13 वर्षीय बेटी कक्षा आठ की छात्रा है। 21 मई को शाम 5 बजे एक युवती उसकी बेटी को खेत पर जाने के लिए कहकर ले गई। वहां मिले युवक ने छात्रा से दुष्कर्म किया। पुलिस ने गांव गुमसानी के युवक-युवती पर रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे मामले में एक ग्रामीण ने तहरीर दी कि युवक 23 मई को दोपहर 1 बजे उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। दूसरे गांव में एक मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने फुरकान अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# 87 देव तीर्थों की 24 कोसीय परिक्रमा में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल के प्राचीन वंशगोपाल तीर्थ से शुरू हुई परिक्रमा
- श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा परिक्रमा क्षेत्र

अमृत विचार : संभल में 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में 87 देव तीर्थों की पारंपरिक परिक्रमा का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए माहौल को भक्तिमय बनाया।

रविवार को सुबह आदमपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने शंभलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर प्राचीन कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा लगाई। महंत स्वामी भगवतप्रिय महाराज ने श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर परिक्रमा शुरू कराई। श्रद्धालु जय कल्कि जय जगत्पते, पद्मापते जय रमापते और हर हर महादेव के जयकारे में लगाते हुए बढ़े। शंख ध्वनि और घंटियों की ध्वनि की आवाज भी गूंजती रही। श्रद्धालु भुवनेश्वर तीर्थ पहुंचे तो महाराज उमाकांत ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। पंडित महेंद्र स्वामी ने रुद्राष्टकम का पाठ कराया। इसके बाद श्रद्धालु फिरोजपुर स्थित चामुंडा देवी स्थान पर पहुंचे और देवी के चरणों में पुष्प अर्पित किए। द्वितीय पड़ाव बाबा क्षेमनाथ के दरबार में आरती की। तृतीय पड़ाव भवानीपुर मंदिर पर प्राचीन शिव मंदिर समिति ने स्वागत किया। महंत रामचंद्र गिरि महाराज आशीर्वाद देते हुए पूजा-अर्चना कराई।

चतुर्थ पड़ाव चंद्रेश्वर तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर जयघोष किया। श्रद्धालुओं ने वंशगोपाल तीर्थ पर परिक्रमा पूर्ण की। यहां महंत स्वामी भगवत प्रिय की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने परिक्रमा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए 87 देव तीर्थों को जागृत करने के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया।

समिति के मुकेश शर्मा, जसपाल सिंह, भूकेंद्र शर्मा ने अन्य जिलों के श्रद्धालुओं को जोड़कर परिक्रमा के संदेश को व्यापक बनाने का आह्वान किया। प्रभाकर शुक्ला, राम किशन ठकराल, संजीव शुक्ला, शंकर शर्मा , सोनू शर्मा, राकेश वार्षेण्य, अमित शुक्ला, अंकित अग्रवाल, विनीत शर्मा, विशाल शर्मा, साधना पूठिया, रुचि पूठिया, पुष्पा पूठिया, सरोज सिंघल, शकुंतला पूठिया, राखी गुप्ता, शैली गोयल आदि रहे।



संभल के चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भाजपा सरकार में सबको मिलेगा न्याय और सुरक्षा



भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का स्वागत करते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता,संभल

- भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का पदाधिकारियों ने किया स्वागत

अमृत विचारः भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा चुनावी मूड में रहता है और इसी दृष्टि से काम करता है। हम लोग जनता के सुख में भी जाते हैं दुख में भी जाते हैं। विपक्ष को कुछ भी कहने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि जब वह सत्ता में थे उन्होंने क्या किया । कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है सबको न्याय,सुरक्षा और सुविधाएं मिलेंगी। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान और आतंकवादियों को सबक सिखाने का काम किया।

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम: ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है कि विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया है, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि ये नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे 'मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

> एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली हैं यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपना किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत' में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली,"बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर


इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार


> स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा क्रि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।)

## एक नजर

### पैसों के लेनदेन के विवाद में भाई-बहन को पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** वीडियो के पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों ने भाई बहन को पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगट कोला निवासी सुभाष पुत्र हरिश्चंद्र ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि उसकी बहन राकेश काफी समय से उनके घर पर रह रही है। गांव के कुछ लोगों से वीडियो के पैसे के लेन देन को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिस पर दबंगों ने भाई बहन को पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अरविंद सुशील विनोद व अजय पाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नाग-नागिन का जोड़ा देख सहमे ग्रामीण

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार के सुबह हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में गांव निवासी सतपाल सिंह के घर के पीछे नाग-नागिन का एक जोड़ा घूमता दिखाई दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। काफी देर तक जोड़ा एक दूसरे से लिपटा रहा। ग्रामीणों का शोर शराबा सुनकर जोड़ा खेतों की ओर निकल गया। ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाए। वन रेंजर अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है।

# हैंडपंप सूखे खड़े, गर्मी में कैसे बुझे लोगों की प्यास

## भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं लोग, शहर में तमाम हैंडपंप खराब, नहीं ली जा रही सुध

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते राहगीरों के प्यास से हलक सूख रहे हैं। शहर की सड़कों पर लगे तमाम हैंडपंप खराब पड़े हैं। नगर पालिका क्षेत्र में लगे हैंडपंप मरम्मत की राह देख रहे हैं। कई जगह पर हैंडपंप से पानी तक निकल रहा है वह पीने योग्य नहीं है। पीला पानी आ रहा है। इसके अलावा कई जगह ऐसी है जहां पर हैंडपंप पूरे सूखे पड़े हैं।

जिले के कई गांवों में भी सैकड़ों हैंडपंप खराब पड़े हैं लेकिन, इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। अमरोहा नगर पालिका क्षेत्र में 1000 से अधिक हैंडपंप लगे हैं इनमें ज्यादातर हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है। रोजाना चार से पांच हैंडपंप के खराब होने की शिकायतें आ रही हैं। दावा किया जाता है कि इनको 24 घंटे के अंदर ठीक करा दिया जाता है लेकिन



मोहल्ला बदावाला में खड़ा हैंडपंप।



मोहल्ला सकूरपुरा में लगा हैंडपंप खराब।

- **कई जगह हैंडपंप से आ रहा पीला या रेत मिला पानी**

ठीक होने के कुछ घंटे बाद ही यह हैंडपंप पानी देना बंद कर देते हैं। शहर की पॉश कॉलोनी में पिछले कई महीनों से हैंडपंप खराब पड़ा था शिकायत कराई तो पालिक कर्मियों ने नया बोरिंग कर दिया। कुछ घंटे पानी निकला उसके बाद हैंडपंप से पानी आना बंद हो गया। बोरिंग की गहराई भी कम की गई है जिससे अब इन हैंडपंपों से निकलने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। राहगीरों को गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है। जो हैं हैंडपंप चल रहे हैं तो पानी पीला होने की वजह से लोग कपड़े और हाथ-पैर धोने के लिए इसका प्रयोग करते हैं। नगर पालिका के जलकल विभाग के कर्मचारियों के अनुसार अब नई बोरिंग 150 से 160 फुट पर कराई जा रही है। इसमें पीने योग्य पानी आता है।

### लोगों ने बताया नलों का हाल

मोहल्ला बदावाला के अभिषेक ने बताया कि घर के पास हैंडपंप लगा है। इसमें पानी तो आता है, लेकिन पीने लायक नहीं है। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कभी-कभी हैंडपंप से पानी आता भी नहीं। दीपक सैनी ने कहा कि गली में सरकारी हैंडपंप लगा है, जो आए दिन खराब हो जाता है। पानी भी पीने लायक नहीं है। कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक सही नहीं हुआ है। मोहल्ला सुबोधनगर के प्रशांत शर्मा ने बताया कि दुकान के पास सरकारी हैंडपंप लगा है। पिछले काफी समय से यह खराब पड़ा है। लोग पानी पीने के लिए आते हैं लेकिन निकलता ही नहीं। गर्मी में लोगों को परेशानी होती है। मोहल्ला बेरियान के शाहिद ने बताया कि हैंडपंप से पानी गंदा आता है। इसलिए इसका पानी कोई पीता नहीं है। शिकायत करने के बाद भी इसे सही नहीं कराया गया। कभी-कभी पानी देना भी छोड़ देता है। गर्मी में तो कम से कम हैंडपंप सही होने चाहिए।

> शहर में अधिकतर क्षेत्र में वाटर लाइन पड़ गई है। धार्मिक स्थलों आदि में सबमर्सिबल व हैंडपंप लगे हैं। जब कभी बिजली आपूर्ति ठप होती है तो लोगों को इसकी जरूरत पड़ती है। वाटर लाइन पड़ने से शहर में हैंडपंप की मांग कम हो गई है। जो हैंडपंप लगे हैं, उनका रखरखाव किया जाता है। शिकायत आने पर 24 घंटे में ठीक कराया जाता है।
>
> **-डॉ बृजेश सिंह**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा

**मोहल्ला बदावाला, सुबोधनगर सहित कई मोहल्लों में हैंडपंप सूखे :** शहर के मोहल्ला बदावाला, सुबोध नगर में लगे हैंडपेप काफी दिनों से खराब पड़े हैं। क्षेत्र के लोग इसकी शिकायत कई बार नगर पालिका में कर चुके हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। आवास विकास में भी एक हैंडपंप काफी दिनों से खराब है। कुछ हैंडपंप से पानी उतर जाता है। काफी देर तक चलाने के बाद इसमें से पानी आता है।

# 629 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** पांच केन्द्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गई। परीक्षा की निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। केन्द्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें बंद करा दी गई थीं। दो पाली में हुई परीक्षा में पंजीकृत 4538 में से 629 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 86.14 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

रविवार को शहर में पांच परीक्षा केन्द्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में कराई गई। पहली पाली में प्रातः 9 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा हुई। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। केद्रों पर तलाशी लेने के बाद



परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र चेक करता परीक्षा केंद्र का स्टाफ। ● अमृत विचार

- **प्रत्येक केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए, केन्द्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें बंद कराईं**

ही परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश मिला। पांच परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा, आईम इंटर कॉलेज अमरोहा, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज अमरोहा, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज ए ब्लॉक व बी ब्लॉक में परीक्षा संपन्न हुई। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। पर्यवेक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्रों का जायजा लेते रहे।

राजकीय इंटर कॉलेज में पंजीकृत 419 के सापेक्ष प्रथम पाली में 55 व द्वितीय में 54 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। आईएम इंटर कॉलेज में 450 के सापेक्ष 63 व द्वितीय पाली में 63 अनुपस्थित रहे। जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में 450 के सापेक्ष प्रथम पाली में 64 तथा द्वितीय पाली में 63 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज ब्लॉक ए में 500 में से प्रथम पाली में 77 तथा द्वितीय पाली में 73 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज ब्लॉक ए पहली पाली में 59 व दूसरी में 58 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 629 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एडीएम बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के बाद कॉपियां को सील करके बुंदेलखंड झांसी को भेज दी गई है।



परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## जमीन के विवाद में बुआ को पीटकर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार:** गांव फतेहपुर बाटूपुरा में जमीनी विवाद के चलते एक भतीजे ने अपनी बूआ को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव फतेहपुर निवासी बबली पत्नी दीवान के नाम सिरसा गुर्जर में 12 बीघा जमीन है। बताया जा रहा है कि बबली का भतीजा एक शादी समारोह में गांव आया हुआ था। उसने अपनी बूआ के साथ जमीन के विवाद को लेकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि भतीजे ने धारदार हथियार से हमला कर बबली को घायल कर दिया। घायल बबली ने कोतवाली में अपने भतीजे के खिलाफ तहरीर दी है।

# हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का माल राख



फैक्ट्री से उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर स्थित ढकिया गांव में हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में मेटल से घरों की डेकोरेशन के लिए प्रोडक्ट बनाए जाते हैं। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अग्निशमन अधिकारी अनुराग तोमर के अनुसार आग पर काबू पाने के लिए कुल 8 दमकल गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद से भी दो-दो गाड़ियां मंगाई गईं। दमकल विभाग की टीम ने ढाई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया।

## बृजघाट व तिगरी गंगा घाटों का एएसपी ने किया निरीक्षण

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा दशहरे की तैयारियों को लेकर रविवार को एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ श्वेताभ भास्कर ने बृजघाट व तिगरी गंगा घाटों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगायी जाएगी। स्नान को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान समेत अन्य पुलिस प्रशासनिक व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बंद मकान में 5 लाख का माल चोरी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के व्यस्ततम मार्ग पर स्थित एक बंद पड़े मकान में चोरों ने लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी गई है। कस्बा इंचार्ज द्वारा मौका मुआयना किया गया है।

नगर के पुराना डाकघर से मोहल्ला लालबाग को जाने वाले मार्ग पर राजबाला शर्मा पत्नी स्वर्गीय अभय शर्मा का मकान है। यह मकान काफी समय से बंद है, क्योंकि राजबाला अपने परिवार के साथ ग्रीन सिटी में रह रही हैं। रविवार को वह अपने बंद पड़े मकान पर आईं और जीने का ताला खोलकर जैसी वह ऊपर पहुंची तो उनके होश उड़ गए क्योंकि दोनों कमरों की ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा मौका मुआयना किया गया। पीड़ित



चोरी के बाद मौका मुआयना करती पुलिस।

राजबाला ने बताया कि 1 मई को उनके पड़ोस में विशाल शर्मा के यहां तथा 6 मई को उनके मकान में चोरी की थी। पीड़िता ने बताया कि घर में रखे पुराने बर्तन, पंख एवं घरेलू सामान चोरी हुआ है। जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए होगी। कस्बा इंचार्ज संदीप पवार ने बताया कि चोरी की सूचना पर मौका मुआयना किया गया है।

### चोरों ने किसान के घर से लाखों रुपये का माल समेटा

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बेरमपुर भूड़ निवासी राजवीर उर्फ कलुआ के मकान में शनिवार की रात चोरों ने नकब लगाकर लाखों रुपये का सामान समेटकर फरार हो गए। रविवार की सुबह परिवार के लोग उठे तो कमरे का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। राजवीर ने सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। जिसके बाद पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक से टकराई तेज रफ्तार कार किशोरी की मौत, मामा घायल

संवाददाता हसनपुर/सैदनगली

**अमृत विचार :** थाना इलाके में उझारी- ढबारसी मार्ग पर कार और बाइक में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कार सड़क पर पलट गई। बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि भांजी की मौके पर ही मौत हो गई।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भस रोली निवासी बुद्धा सिंह का बेटा दानवीर रविवार को सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव करनपुर सुतारी से अपनी भांजी लक्ष्मी पुत्री सौदान सिंह को बाइक पर बैठा कर अपने घर आ रहा था। उसकी बाइक सैदनगली थाना क्षेत्र में उझारी-ढबारसी मार्ग पर गांव कुआंडाली के नजदीक बने अंडरपास के पास पहुंची तो अचानक उझारी की दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बाइक



अस्पताल में जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- **बाइक से टकराने के बाद कार भी पलटी, घायल युवक हायर सेंटर रेफर**

पर बैठी 15 वर्षीय लक्ष्मी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार दानवीर बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस घायल दानवीर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर लाई। गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका पड़ोस के गांव में स्थित एक पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा थी। वह दो भाई दो बहनों में दूसरे नंबर की थी। छात्रा की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## खेत में छुट्टा पशु घुसने के विवाद में मारपीट, पांच घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** खेत में छुट्टा पशु घुसने को लेकर दो पक्षों में विवाद होने के बाद मारपीट हो गई। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस को घटना की तहरीर दी गई है। शहर के मोहल्ला धुनपुरी निवासी दिनेश व उसी मोहल्ले के सुधीर के बीच रविवार को खेत में छुट्टा पशु घुसने के चलते विवाद हो गया। दोनों के परिवार वालों आ गए। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जमा हुई भीड़ ने किसी तरह दोनों पक्षों के लोगों को समझकर किसी तरह शांत कराया। जिसमें एक पक्ष से दिनेश, अशोक, गीता, व दूसरी ओर से सुधीर व उसकी पत्नी निर्मला घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 50 से अधिक अपराधियों का कराया सत्यापन, दी हिदायत



अपराधियों को हिदायत देते प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस ने एक विशेष अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में डकैती, लूट, चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस, गोवध आदि संगीन अपराधों में संलिप्त 50 से अधिक अपराधियों को बुलाकर सत्यापन कराया। अपराधिक रिकार्ड का परीक्षण कर हिदायत दी।

रविवार को एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने लूट, चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस, गोवध आदि संगीन अपराधों में संलिप्त 50 से अधिक अपराधियों को कोतवाली बुलाया। इस दौरान सभी अपराधियों का नाम, पता, फोटो, आपराधिक इतिहास आदि का विवरण संकलित कर रोजर तैयार किया गया। उनके अपराधिक रिकार्ड का परीक्षण किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अपराधियों को सख्त हिदायत दी गई कि यदि भविष्य में वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो कठोरतम वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखना तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

## सार-संक्षेप

### कमेटी ने किया ईदगाह का निरीक्षण



**हसनपुर, अमृत विचार :** ईद उल अजहा के करीब आते ही ईदगाह पर नमाज की तैयारी शुरू कर दी गई है। ईदगाह कमेटी द्वारा निरीक्षण कर सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। रविवार को ईदगाह कमेटी द्वारा नगर स्थित ईदगाह पर पहुंचकर निरीक्षण किया और ईद उल अजहा पर होने वाली जिम्मेवारियों को कमेटी के सदस्यों को सौंपा। माइक, जनरेटर, पंखे, सफाई एवं पानी की व्यवस्था ईदगाह कमेटी द्वारा की जाएगी। ईद उल अजहा पर प्रात: 6 :45 पर नवाज अदा की जाएगी। हाज़ी इरशाद, जावेद जरताब, जीशान कुरैशी, हाजी मोहम्मद वसीम, हमज़ा अली, शहनावज़ अंसारी, हाजी अनीस, अलीमुद्दीन, नौशाद अहमद, नईम अहमद व हाजी अब्बास खुर्रम आज़ाद मौजूद रहे।

### ईशांत ने कमिश्नर को बताईं समस्याएं



**हसनपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी संस्थान लखनऊ की आयुक्त रोशन जैकब की अध्यक्षता में रहमानखेड़ा परिसर में एक उच्च स्तरीय निर्यातक-उत्पादक व्यवसाय 2025 बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने निर्यातकों और आम उत्पादकों के साथ बातचीत की। बताया कि लखनऊ, अमरोहा और सहारनपुर में पैक हाउस चालू हैं और आम प्रसंस्करण और निर्यात संचालन के लिए सुसज्जित हैं। अमिया फ़ार्म फ्रेश के ईशांत सैनी ने अमरोहा के किसानों के लिए फ्री मैंगो बैगिंग, फ्रूटफ़्लाई ट्रैप और हार्वेस्टर की मांग उठाई। जिससे जनपद के किसान अपने आम की गुणवत्ता बढ़ा सकें।

### प्रेस क्लब ने एप्पल क्लब को आठ विकेट से हराया



**अमरोहा, अमृत विचार :** नायब अब्बासी डिग्री कालेज के मैदान में रविवार को सद्भावना मैच एप्पल क्लब एवम अमरोहा प्रेस क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एप्पल क्लब के कप्तान अज़हर अब्बासी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में 212 रन बनाए। जवाब में प्रेस क्लब मैच 18 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाकर आठ विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब शरीफ के नाम रहा। शरीफ ने 64 गेंदों पर 139 रन बनाए। अंपायरिंग फ़ैज़ खान, फयाज, फैसल व अज़हर अब्बासी ने की। कालेज के डायरेक्टर फिरोज़ कमाल अब्बासी ने खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई की। ऐप्पल क्लब सदर क़मर नक़वी काशिफ खान, मोहम्मद अहमद जैदी, शाहनवाज पाशा, फैज उद्दीन सिद्दीकी, कसीम अशरफ, कसीम अब्बासी, अज़ीम एडवोकेट, शहजाद अहमद, नौशाद अली, फारुख मंसूरी, इमदाद खान, जकी उद्दीन, वसीम, शाहज़ेब खान, आबाद अहमद, नदीम राईनी, मोज़िज़ज़, अफजल खान मौजूद रहे।

### सड़क पक्की करने की मांग, ग्रामीणों का प्रदर्शन



**हसनपुर, अमृत विचार :** विकासखंड के गांव कनैटा के मजरा रुद्रपुर में सड़क को पक्का कराया जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य का बोर्ड तो लग गया। लेकिन निर्माण कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विधायक निधि से गांव में काले के मकान से महावीर के मकान तथा पीतम के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। काले के मकान से महावीर के मकान तक सीसी रोड का निर्माण कार्य कर दिया गया, लेकिन 8 महीने बीतने के बाद भी महावीर के मकान से पीतम के मकान तक लगभग 160 मीटर सीसी रोड का निर्माण नहीं कराया गया जिससे ग्रामीण गंदगी भरे कच्चे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बाकी बचे कच्चे मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को विवश होंगे। प्रदर्शन करने वालों में हरचरन सिंह, सोमपाल, मुरारी, कैलाश सिंह, महेश सिंह, दिनेश सिंह, रूपचंद सिंह, राजवीर सिंह, नन्हे सिंह, प्रकाश सिंह, किशोर सिंह, जगत सिंह, नेपाल सिंह, हरि सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### ट्रैक्टरों से स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल



**गजरौला, अमृत विचार :** दो ट्रैक्टरों से खतरनाक स्टंट करते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया है। क्षेत्र में रविवार को दो ट्रैक्टरों पर सवार होकर युवकों का स्टंट करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दो युवकों द्वारा दो ट्रैक्टरों को आपस में बांधकर स्टंटबाजी कर रहे हैं। यह वीडियो क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर का बताया जा रहा है। युवक इंस्टाग्राम पर फॉलोअर बढ़ाने के लिए जान जोखिम डाल कर स्टंटबाजी करते हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर ई-रिक्शा व मोबाइल लूटा

**गजरौला, अमृत विचार :** ई-रिक्शा चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बदमाश उसका ई-रिक्शा व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। बेहोशी की हालत में पड़े मिले ई-रिक्शा चालक को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव शकूराबाद निवासी साबिर अली ई-रिक्शा चलाता है। उसके ही परिवार के शहीद ने बताया कि रविवार की सुबह दो युवक बाइक से साबिर के घर जाकर बकरा खरीदने के बात बोल कर ले गए थे। गांव में बकरा नहीं मिलने पर वे साबिर के ई-रिक्शा पर गजरौला चल गए। रविवार की दोपहर साबिर शहर के रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के पास बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर उसके परिवार वालों भी अस्पताल पहुंच गए। परिवार वालों ने बाइक सवार युवकों पर साबिर को नशीला पदार्थ सुंघाकर ई-रिक्शा व उसका फोन लूटने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### भीषण गर्मी में लोगों को पिलाया शरबत

**गजरौला, अमृत विचार :** रविवार को भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए शरबत वितरित किया गया। शहर के सलेमपुर गोंसाई गांव के मुख्य मार्ग पर योगेश कुमार के नेतृत्व में शरबत वितरित किया गया। शाम चार बजे तक लोगों को शरबत पिलाया गया। देवेश कुमार, रोबिन, अजीत सिंह समेत कई लोगों ने सहयोग दिया।

# संगठित हो एमएसपी की मांग करें किसान

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की घंसूरपुर गांव में ब्लाक स्तरीय पंचायत आयोजित

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली


घंसूरपुर गांव में भाकियू की पंचायत में मौजूद पदाधिकारी व किसान।

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ब्लाक स्तरीय पंचायत असमोली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर में हुई।जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि किसानों को फसलों का वाजिब मूल्य मिलना तभी संभव हो सकेगा जब किसान संगठित होकर एमएसपी के लिए सरकार से मांग करेंगे।

कहा कि वर्तमान सीजन के लिए धान का एमएसपी 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल घोषित हुआ है जबकि सी टू प्लस 50 प्रतिशत के फार्मूले के अनुसार धान का समर्थन मूल्य 3500 रुपये होना चाहिए। जल्द ही मक्का की सरकारी खरीद के लिए क्रय केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने किसानों से हरिद्वार में 9 से 11 जून तक चलने

- मक्का के सरकारी क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग

वाले चिंतन शिविर में पहुंचने की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष असमोली सचिन त्यागी ने दर्जनों गांवों में खस्ता सड़कों का मुद्दा उठाया। ब्लॉक अध्यक्ष पंवासा शंकर सिंह आर्य ने कैला देवी थाना क्षेत्र टायर फैक्ट्री से निकल रहे काले धुएं से फसलों को नुकसान का मुद्दा उठाया। वीरेश यादव, सत्यवीर सिंह, शिशुपाल सिंह, जसवीर सिंह, दिनेश यादव, अशोक यादव, केपी सिंह राणा, सत्यभान सिंह, भूरे सिंह, इंद्रपाल सिंह आदि रहे।

# आकांक्षात्मक ब्लॉकों को लेकर नोडल अधिकारियों ने की समीक्षा

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद ने आकांक्षात्मक ब्लॉक जुनावई व पवांसा, नोडल अधिकारी डॉ वंदना वर्मा द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक रजपुरा की समीक्षा की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. वंदना वर्मा ने समीक्षा करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के अनुकूलित पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की जाए। हर घर नल योजना पर चर्चा करते हुए नोडल अधिकारी कहा कि पेयजल पाइपलाइन में लीकेज है तो उसको सही कराया जाए। नोडल अधिकारी शिव प्रसाद प्रथम ने जुनावई व पवांसा विकासखण्ड से संबंधित इंडीकेटर्स पर चर्चा की। ओडीएफ ग्राम आरआरसी सेन्टर, कूड़ा निस्तारण आदि को लेकर जिला पंचायती राज अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम राजेन्द्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह डीडीओ राम आशीष, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार डीपीआरओ उपेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पिकअप से मिले अवशेष मुर्गा व मछली के निकले



कुढ़फतेगह के बिचेटा चौराहे पर खड़ी पिकअप। • अमृत विचार

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के बिचेटा चौराहा पर चन्दौसी से आ रही पिकअप में मिले अवशेष मुर्गा व मछली के निकले। अवशेषों को जेसीबी से जमीन में दबा दिया गया।

रविवार की सुबह एक पिकअप चन्दौसी से आ रही थी। कुढ़फतेहगढ़ के बिचेटा चौराहा पर टायर फटने से गाड़ी खड़ी हो गई। पिकअप से खून टपकने पर आसपास के लोगों की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और घटना पुलिस को दी। पुलिस ने पिकअप में पड़े जानवरों के अवशेषों को दूसरी गाड़ी में डलवाया। पशु चिकित्सक अजय कुमार ने जांच की, तो अवशेष मुर्गे व मछली के निकले। पुलिस ने पिकअप चालक पुष्पेंद्र, सुदेश व अजय निवासी गांव पुरेनिया खुर्द थाना मिलक जनपद रामपुर को हिरासत में लिया है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# ससुरालियों पर पति की हत्या का आरोप कार्रवाई की गुहार

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर की सर्वेश ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी 4 साल पहले सुदेश निवासी रजपुरा से हुई थी। दहेज के लिए ससुर, सास, जेठ, जेठानी, ननद प्रताड़ित करने लगे। पति विरोध करता तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। 8 मई को ससुरालयों ने पति को मारा पीटा जिसमें वह भी घायल हो गई। पति इलाज कराने के लिए से मायके छोड़ आया। 17 मई को ससुरालियों ने पति की हत्या कर दी। वह रजपुरा थाने में तहरीर देने जा रही थी तो उसे व उसके माता-पिता को डरा धमका कर बंधक बना लिया। वह 27 मई को तहरीर देने रजपुरा थाने गई लेकिन पुलिस ने तहरीर नहीं ली। सर्वेश ने जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई।

# मारवाड़ी मोहल्ले में बनेगी श्री परशुराम धर्मशाला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्री ब्राह्मण सभा की बैठक में वक्ताओं ने आजीवन संरक्षकों द्वारा मारवाड़ी मोहल्ले में खरीदी भूमि पर श्री परशुराम धर्मशाला के निर्माण का निर्णय लिया गया। अश्वनी कुमार शर्मा को निर्माण कमेटी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

रविवार को मोहल्ला मोती स्थित गौड़ हाल में आयोजित बैठक में संरक्षक डॉ. राजीव लोचन शर्मा, रामकुमार शर्मा, बृजेंद्र मिश्रा, रामाशंकर गौड़ ने बताया कि 1988 में श्री ब्राह्मण सभा द्वारा मोहल्ला मारवाडी में भूखंड क्रय किया गया था। उक्त भूखंड पर श्री परशुराम धर्मशाला के निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया है। श्री परशुराम धर्मशाला का निर्माण होने से समाज हित का कार्य होगा। ब्राहमण बंधुओं से इस कार्य में


ब्राह्मण समाज की बैठक में विचार रखते डॉ. राजीव लोचन शर्मा। • अमृत विचार

- अश्वनी कुमार शर्मा को निर्माण कमेटी का कोषाध्यक्ष बनाया

योगदान देने का आह्वान किया। डॉ. राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि श्री परशुराम धर्मशाला के निर्माण में पूरी पारदर्शिता का प्रयोग होना चाहिए। निर्माण कमेटी खर्चे का ब्यौरा देती रहे। बताया गया कि 15 जून को सीता रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में कमेटी की अगली बैठक प्रस्तावित की गई है। राजेन्द्र शर्मा राजा, दिनेश कुमार शर्मा, अमित गौड़, ओमप्रकाश शर्मा, आदित्यकान्त शर्मा, रमाकांत शर्मा, अभिनव शर्मा, विवेक मिश्रा, गौरव मिश्रा, पवन शर्मा, राधे श्याम शर्मा, माधव मिश्रा, वेद प्रकाश मिश्रा, सचिन मिश्रा,मुकेश गौड़, विकास गौड़, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मेले में 3212 मरीजों का उपचार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3212 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ।


मरीजों का उपचार करते डॉक्टर। • अमृत विचार

सरकारी अस्पतालों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 35 डॉक्टरों और 135 पैरा मेडिकल स्टाफ ने मरीजों का उपचार किया। बुखार के 237, चर्म रोग के 382, दमा के 254, मधुमेह रोग के 62, नेत्र रोग के 20, उच्च रक्तचाप के 66 के मरीज रहे। बुखार को लेकर 19 मरीजों की मलेरिया और 15 रोगियों की डेंगू की जांच की गई। जिनकी रिपोर्ट निगेटिव रही। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 133 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 172 आभा आईडी बनाए गए। डीएम के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के के लिए लोगों को जागरूक किया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत 598 लोगों को तंबाकू छोड़ो परामर्श भी दिया। मेले का सीएमओ डॉ. तरुण पाठक आदि ने निरीक्षण किया।

# समारोह पूर्वक मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से समिति कार्यालय पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। समिति प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि विषम परिस्थितियों में अहिल्याबाई होल्कर ने अपने कार्यकाल में एतिहासिक कार्य किए। मुख्य अतिथि संतोष कुमार ने कहा माता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर प्रसिद्ध तीर्थों के निर्माण कराया। बृजेंद्र तिवारी, राजवीर सिंह पाल, डॉ. जयशंकर दुबे, दिनेश चंद्र गुप्ता, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, मुनेश धनगर, आकाश कुमार शर्मा, राजेश पाल, रतन कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, राहुल पाल आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक प्राणी के हृदय में समाया है भगवान का नाम

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भोले जी महाराज एवं माता मंगला जी की प्रेरणा से हंस ज्योति ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर दिल्ली द्वारा शिव मंदिर रिठाली तथा हनुमान मंदिर ठिलूपुरा में जन कल्याण सत्संग समारोह हुआ।

श्री हंसलोक आश्रम, छतरपुर दिल्ली से आए महात्मा कृपानंद ने कहा कि भगवान का सच्चा और वास्तविक नाम प्रत्येक प्राणी के हृदय एवं सांसों में समाया हुआ है। जिसका ज्ञान समय के सच्चे तत्वदर्शी महापुरुष अर्थात सदगुरु महाराज कराते हैं लेकिन उसे जानने के लिए मनुष्य के अंदर भगवान के प्रति लगन, प्रेम और श्रद्धा होनी चाहिए। महात्मा ज्ञान प्रभानंद ने कहा कि भोले जी महाराज एवं माता मंगला द्वारा देशभर में अध्यात्म ज्ञान के प्रचार के साथ-साथ मानव सेवा और जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। भागेश कुमार त्यागी ने कहा कि हमें ध्यान से सत्संग सुनकर उस पर मनन भी करना चाहिए। पूर्व प्रधान शारदा देवी, सतवीर सिंह, महेश त्यागी, विजयपाल सिंह, लल्लू सिंह, डॉ. धीरेंद्र त्यागी, प्रहलाद सिंह, अरविंद कुमार, हनुमान मंदिर के महंत बाबा कर्मदास, अमित त्यागी, रोहित भटनागर, महेश प्रजापति, सुशील कुमार, धर्मेंद्र तथा विक्की भटनागर आदि रहे।

## सार- संक्षेप

### बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**बिजनौर,अमृत विचार :** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना भूतपुरी में सुरजन नगर मार्ग पर गांव शेरगढ़ के समीप हुई।मृतक की पहचान थाना ठाकुरद्वारा के गांव रामुवाला निवासी शिवम उर्फ बिल्लू के रूप में हुई। वह सुआवाला की ओर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल शिवम को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया किपुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### ग्रामीणों को दी कृषि संबंधित जानकारी

**चन्दौसी,अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान से कृषि क्षेत्र में शोध कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद के 3 विकासखंडों में गांवों के ग्रामीणों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी गई। ग्राम पल्था मिठनपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. महावीर सिंह ने कहा किसानों को बकरी, सुअर व मुर्गी पालन, प्राकृतिक खेती, फल-फूल खेती सहित अन्य फसलों के उत्पादन के बारे में निशुल्क जानकारी दी जाती है। नवीनतम कृषि तकनीकी अपनाकर अधिक से अधिक लाभ कमाया जा सकता है। डॉ. पंकज, डॉ. ज्योति ने फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। कहा कि बरसात से पहले पशुओं का टीकाकरण करा लें जिससे संभावित बीमारियों को रोका जा सके। जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह ने भी जानकारी दी। ग्राम महमूदपुर इम्मा, रिठाली, अख्त्यारपुर, लहरावन, आनंदपुर, मझौला के ग्रामीण अनिल प्रताप सिंह, डिगपाल सिंह, मोहसिन खान, भुवनेश कुमार, राजेश कुमार त्रिपाठी, रामगोपाल सिंह, राजपाल सिंह, अंकुर देओल, राजपाल सिंह, लल्लू त्यागी, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### नोडल अधिकारी ने सीएचसी में देखीं स्वास्थ्य सेवाएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** लखनऊ से आई नोडल अधिकारी डॉ. वंदना वर्मा ने रविवार की सुबह सीएचसी की मेटरनिटी विंग का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने प्रसूताओं को दी जाने वाली सुविधा, टीकाकरण व कुपोषित बच्चों की मिलने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही सीएचसी में उपचार कराने पहुंचे मरीजों का हाल-चाल जाना। ओपीडी रजिस्टर व स्टाफ रजिस्टर चेक किया। उन्होंने हर तरह के टीकाकरण, प्रसूताओं को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, प्रसूताओं की सुविधा के लिए घर-घर जाने वाली 102 एंबुलेंस की जानकारी। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. गौरी वार्ष्णेय, महेश कुमार, हेमेश नाथ, गिरिराज, शिवराज आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### 12 घंटे बंद रहेगा रेलवे फाटक पर यातायात

**बबराला, अमृत विचार :** अनूपशहर - बुलंदशहर होकर दिल्ली जाने वाली सड़क पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 58 बी पर मरम्मत के चलते 12 घंटे यातायात बंद रहेगा।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, रविवार शाम 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक रेलवे फाटक पर ओवरहालिंग का काम होना है। लिहाजा इस दौरान सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। फाटक संख्या 58बी के दोनों ओर बेरियर पर पुलिस की तैनाती की गई है। इस अवधि में अनूपशहर की ओर से आने और जाने वाले यातायात को उत्तर रेलवे के फाटक संख्या 56 ए से होते हुए निकाला जाएगा। जिससे वाहन चालकों को गन्तव्य को 6 से 7 किलोमीटर की दूरी तय कर अनूपशहर रोड पर निकाला जाएगा, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

### आंख के इलाज में लापरवाही पर तीन लाख का जुर्माना

**बहजोई, अमृत विचार :** चिकित्सक की लापरवाही से आंख की रोशनी कम होने पर उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक व अस्पताल पर 3 लाख का जुर्माना लगाया। 7 प्रतिशत ब्याज सहित 2 महीने में रकम देने के आदेश दिए। बदायूं में बिसौली के गांव निवासी सूरजपाल की बाई आंख में मोतियाबिंद हो गया था। उन्होंने चंदौसी के नेत्र चिकित्सालय में आपरेशन कराया। आरोप है कि लापरवाही के चलते रोशनी जाने होने लगी। उन्होंने मुरादाबाद के अस्पताल में दिखाया तो चिकित्सक ने बताया कि उनकी आंखों में लगाया गया लैंस तिरछा है जिससे घाव हो गया है। सूरजपाल की ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में एक परिवाद प्रस्तुत किया। आयोग ने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय की बहस को सुना और नेत्र चिकित्सालय के प्रबंधक, अध्यक्ष व डॉक्टर को बतौर क्षतिपूर्ति 3 लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करने के आदेश दिये ।

### शहीद रामकुमार सिंह स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**हल्दौर,अमृत विचार :** शहीद रामकुमार सिंह की स्मारक पर उप निरीक्षक मनीष कुमार सहित सीआरपीएफ जवानों ने फूल मालाएं चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। हल्दौर थाना क्षेत्र के वजीदपुर निवासी राम कुमार सिंह 1988 में केरीपुबल में भर्ती हुए थे जो दंतेवाड़ा के जंगलों में दुश्मनों के साथ लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे ।हल्दौर थाने के गांव वजीदपुर में शहीद राम कुमार सिंह का स्मारक बनवाया गया था। रविवार की सुबहसीआरपीएफ की एक टुकड़ी उनके गांव पहुंची और शहीद रामकुमार सिंह की स्मारक पर फूल मालाएं चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीआरपीएफ इंस्पेक्टर अनु तोमर, हेड कांस्टेबल उदयवीर सिंह, कांस्टेबल यशपाल, कांस्टेबल सुमित, कांस्टेबल विवेक , पूर्व फौजी राजीव तोमर, कांस्टेबल दुष्यंत के साथ क्षेत्र तथा गांव केलोग शामिल रहे।

# बस चलाते समय चालक को आई झपकी तो बजेगा अलार्म

बरेली कार्यालय

- लखनऊ में ट्रायल पूरा होने के बाद जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा ट्रायल
- लंबी रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाए जाएंगे एंटी स्लीप डिवाइस

**अमृत विचार :** परिवहन निगम रोडवेज की बसों में सवारियों की यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने को हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में रात के समय चालक को झपकी लग जाने से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने समाधान तलाशा है। रोडवेज की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने की बात कही जा रही है। जो झपकी आने पर चालक को सचेत करेगी। इस डिवाइस को एक्सीलेटर से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय स्तर पर लखनऊ रीजन की बसों में ट्रायल पूरा होने के बाद इसका ट्रायल जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा।

आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो से 800 से अधिक बसें विभिन्न मार्गों पर संचालित हैं। इनमें पचास फीसदी से अधिक बसें लंबे रूट दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए संचालित होती हैं। रात में संचालित होने वाली बसों में चालकों को झपकी आने की समस्या रहती है। ऐसी दशा में रोडवेज बसों में सेंसर युक्त एंटी स्लीप डिवाइस लगाने की पहल हुई है।

बताया कि यह डिवाइस बस के एक्सीलेटर से जुड़ी होगी। यदि चालक एक्सीलेटर को दबाना छोड़ देगा या आवश्यकता से अधिक दबाएगा, तो अलार्म बजने लगेगा। इतना ही नहीं ड्राइवर की सीट के सामने सेंसर युक्त कैमरे भी लगाए जाएंगे, जो चालक की आंखों की हरकत पर नजर रखेंगे, अगर स्टेयरिंग पर कुछ देर मूवमेंट नहीं होती है तो डिवाइस से बीप-बीप की आवाज आएगी। स्टेयरिंग का मूवमेंट न होने पर अलार्म भी बजने लगेगा। इस तरह की डिवाइस बरेली रीजन की दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, राजस्थान समेत अय लंबी दूरी के रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाने की तैयारी है।

### छत पर सो रही किशोरी से युवक ने की छेड़छाड़

**कुढफतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात्रि छत पर किशोरी सो रही थी। आधी रात के समय पडोसी युवक छत पर पहुंच गया और चारपाई पर सो रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। परिजनों को आहट होने पर युवक भाग गया। रविवार की सुबह किशोरी की मां की ओर से आरोपी युवक के खिलाफ पास्को एक्ट, छेड़छाड़ तथा एससी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है ।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मनोज को दोबारा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता मनोज यादव को फिर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग का चेयरमैन बनाया गया है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से इस सिलसिले में पत्र जारी किया गया। मनोज यादव सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर निरंतर आंदोलन चला रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी कारण उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पिछड़े वर्ग की जातियों के अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किये गए थे। पार्टी को इसके सकारात्मक परिणाम मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार मनोज यादव अभी दिल्ली में हैं। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### जीएनएम दाखिले के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू


**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेजों में संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित केंद्रीयकृत परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से यूपीजीईटी-2025 पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर कॉलेज आवंटित किए जाने हैं, इसके लिए कॉलेजों से सीट का ब्यौरा, शुल्क और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मांगी गयी हैं, जिसके बाद काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की जाएंगी।

# एक ही समय पर दो शोध के लिए मिला 98 लाख का अनुदान

## बीबीएयू का मामला : 10 लाख रुपये उपकरण और केमिकल के लिए मिले लेकिन विवि में कोई रिकार्ड नहीं

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शोध के नाम पर विश्वविद्यालयों में धन की कैसे बंदरबांट हो रही है, उसका ताजा उदाहरण राजधानी लखनऊ के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में देखने को मिला है। सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज अरोड़ा को एक ही वर्ष में दो शोध के लिए धन अवमुक्त कर दिया गया। पहला शोध 5 वर्ष में पूरा किया जाना था, उसके लिए 88 लाख रुपये भुगतान किया गया। दूसरा शोध 2 साल में पूरा किया जाना था। इस दूसरे शोध के लिए वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोध तो किये गए लेकिन वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीद का कोई ब्यौरा विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया।



बीबीएयू ने बताया, विभाग के पास कोई जानकारी नहीं।

शोधकर्ता को लेमिनर एयर फ्लो, रोटावेयर, रोटरी वैक्यूम पम्प, ऑटोक्लेव, रेफ्रीजरेटर, डीप फ्रीजर और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोधकर्ता ने भुगतान तो ले लिया लेकिन खरीद की कोई जानकारी विश्वविद्यालय को नहीं दी।

**नियमतः एक समय में एक ही शोध का मिलता है अनुदानः** नियम यह है किसी शोधकर्ता को एक समय में एक शोध के लिए वित्तीय सहायता मिलती है। शोध के लिए अनुदान भारत सरकार का विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय प्रदान करता है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 16 मार्च 2018 को समलिंगी स्वामी फेलोशिप 2016-17 के तहत 88 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई।

### सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लेने पर खुलासा

इस शोध घोटाले की किसी को खबर ही न हुई होती यदि इस मामले में सूचना के अधिकार के तहत पूछा न गया होता। खोजबीन शुरू हुई तो विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग के पास 10 लाख रुपये से खरीदी गई सामग्री का कोई हिसाब नहीं मिला। खरीदे गये उपकरणों के बारे में स्टोर के रिकार्ड में कोई जानकारी नहीं है। स्टोर ने लिखित जवाब दिया कि शोधकर्ता ने अपना खुद का रिकार्ड रजिस्टर बना रखा था और स्टोर को कभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के संकाय अध्यक्ष का लिखित जवाब है कि डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा की परियोजना से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज विभाग में उपलब्ध नहीं है। संकाय अध्यक्ष के जवाब पर अपीलीय अधिकारी (वित्त) ने उनसे पूछा कि शोध परियोजना के तहत वैज्ञानिक उपकरण एवं केमिकल्स आदि की खरीद के स्टाक का अंकन प्रमुख अन्वेषक शोध परियोजना द्वारा परियोजना के लिए बनाए गये खुद के रजिस्टर में रखते थे। इससे तो वित्त विभाग संतुष्ट है, लेकिन जब उन्हें कार्यमुक्त किया गया तब विभाग ने सभी औपचारिकताएं क्यों नहीं पूरी कीं? अधिकारियों से सवाल-जवाब किये गये। लेकिन सूचना के अधिकार से मांगी गई सूचना के जवाब में स्पष्ट लिखा गया कि विभाग के पास इस सम्बन्ध में कोई रिकार्ड मौजूद नहीं है।

### धनराशि लेने के बाद शोधकर्ता दो वर्ष के अवकाश पर

अनुसंधान परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने अनुसंधान के लिए सम्पूर्ण धनराशि 88 लाख रुपये प्राप्त कर ली। धनराशि प्राप्त करने के बाद डॉ. पंकज अरोड़ा दो साल के असाधारण अवकाश पर चले गये। विश्वविद्यालय के केंद्रीय जन सूचना अधिकार भंडार एवं खरीद अनुभाग ने लिखित बताया है कि अनुसंधान परियोजना के उपकरण और केमिकल खरीद का कोई रिकार्ड उनके पास नहीं है।

### अब्बास अंसारी मामले में हाईकोर्ट जाएंगे : राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि वह अपने विधायक अब्बास अंसारी के लिए हाईकोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश का स्वागत है लेकिन वह इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी ऊपरी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि सीट रिक्त घोषित करने में विधानसभा सचिवालय की ओर से खासी तेजी भी दिखाई गई।

# एसएएफ क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का होगा निवेश

## 18 से अधिक कंपनियां इकाइयां स्थापित करने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी की राउंडटेबल बैठक

**अमृत विचार :** प्रदेश में 18 से अधिक कंपनियों ने सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) इकाइयां स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखायी है। इन फर्मों ने सामूहिक रूप से यहां इस क्षेत्र में 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की रुचि दिखाई है। इनमें ग्रीनको, एएम ग्रीन्स, ई20 ग्रीनफ्यूल्स, न्यू एरा क्लीन टेक और मालब्रोस ग्रुप समेत डेढ़ दर्जन से अधिक कंपनियां शामिल हैं। इससे राज्य के वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग और प्रशस्त होगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सस्टेनबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) के विनिर्माण में अवसरों की खोज के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में एक उच्च-स्तरीय राउंडटेबल का आयोजन किया। इस बैठक में प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने इस उभरते हुए हरित ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।


**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ :** इस नीति के अमल में आने के बाद स्थानीय कृषि क्षेत्रों से सीधे कच्चा माल खरीदने से, यह क्षेत्र ग्रामीण आय को बढ़ाने और बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होगा। मनोज कुमार सिंह ने कहा, यह नीति हमारे हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाएगी।

### यूपी में लंबित जीएसटी मामलों का होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निवेशकों को सुविधाएं प्रदान करने और नीति संबंधी बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से जुड़े मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय सत्र का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित जीएसटी प्रतिपूर्ति मामलों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाले प्रोत्साहन और जीएसटी प्रतिपूर्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य निवेशकों के लिए एक सहज और सुविधाजनक वातावरण बनाना है। जीएसटी मुद्दों का शीघ्र समाधान उद्योग के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारी नीतियों को ठोस परिणामों में बदलने में मदद करेगा। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों की लंबित जीएसटी संबंधी चिंताओं को हल करना, राज्य के प्रोत्साहन तंत्र में स्पष्टता लाना और उत्तर प्रदेश को उद्योग-अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक सशक्त बनाना था। बैठक में प्रमुख उद्योग जगत के हितधारकों, अग्रणी जीएसटी विशेषज्ञों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। वरुण बेवरेजेज, बलरामपुर चीनी मिल्स और पसवाड़ा पेपर्स लिमिटेड सहित कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि, साथ ही पिकअप और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी भी इस चर्चा में शामिल हुए।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 4075 स्थानों पर होगा सामूहिक योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 4,075 स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। इसके पहले 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योग के प्रचार-प्रसार के लिए 5000 प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास करवाएंगे। योग प्रशिक्षकों और आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर योग सप्ताह की व्यापक तैयारी की गई है। इन समितियों के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, व्यावसायिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# योगी के लिए इस बार खास होगा जन्मदिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी
- मान्यता है इसी तिथि को हुई थी द्वापर युग की शुरुआत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है, लेकिन इसबार इसी दिन योगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यही नहीं, मुहूर्त इसे और खास बना रहे हैं। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है।

योगी के जन्मदिन 5 जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। योगी ने राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया था।

# अर्थव्यवस्था बढ़ाने में वित्त आयोग से उम्मीद

## मुख्यमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ 4 जून की प्रस्तावित बैठक को लेकर की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले पांच वर्ष का तय होगा खाका, योगी सरकार करों में हिस्सेदारी बढ़ाने की रखेगी मांग

**अमृत विचार :** 16वें वित्त आयोग से प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में वित्तीय सहायता मिलने की बड़ी उम्मीद है। यहां दौरे पर आ रही आयोग की टीम 4 जून को बैठक करेगी, इसे लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शीर्ष अधिकारियों की तैयारी बैठक हुई। इसमें अगले पांच वर्ष में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने की रणनीति बनाई गई।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में टीम यूपी में 3 जून सीधे अयोध्या में रामलला का दर्शन-पूजन और विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद शाम को लखनऊ आ जाएगी। यह आयोग 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि के लिए अपनी सिफारिशें देगा। आयोग का मुख्य काम केंद्र और राज्यों के बीच करों की आय का विभाजन निर्धारित करना है। यह आयोग राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के सिद्धांतों और मात्रा को भी निर्धारित करेगा। योगी सरकार को उम्मीद है कि आयोग से राज्य को वित्तीय सहायता मिलेगी ताकि विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को आयोग की बैठक के मद्देनजर आवास पर हुई तैयारी बैठक में केंद्रीय करों में राज्य हिस्सेदारी बढ़ाने पर मंथन किया। सूत्रों के अनुसार आयोग के साथ होने वाली बैठक में राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग रखी जाएगी। वर्ष 2015 तक राज्य को मिलती रही करों में 19.7 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर से दिए जाने की मांग पर सरकार का अधिक फोकस रहेगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी के लिए तय 41 प्रतिशत धनराशि को और बढ़ाने की मांग भी रखी जाएगी।

### विभागों व राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम चार जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेगी। इसके बाद शाम चार बजे से होटल रेनेशा में आयोग की टीम चार बैठकें करेगी। यह बैठकें नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजनीतिक दलों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ होगी। 5 जून को सुबह टीम का वाराणसी में विकास योजनाओं का निरीक्षण व भ्रमण करके अगले दिन वापस दिल्ली जाएगी।

# सीसीटीवी कैमरों के बावजूद मिला खामियों का अंबार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सीतापुर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण
- शिकायती पत्र से लेकर संसाधनों की अनदेखी देखने को मिली

**अमृत विचार :** प्रदेश में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बावजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को औचक निरीक्षण के दौरान सीतापुर जिला अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। एक के बाद एक खामियां मिलने पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन फटकार भी लगायी। अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में संसाधन जुटाने शुरू कर दिए हैं, स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा मरीजों के लिए अनुमन्य सभी दवाओं की उपलब्धता समेत 25 बिन्दुओं का पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर व अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जारी कर, कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीतापुर जिला अस्पताल अपवाद नहीं है, कमोवेश प्रदेश के अधिकांश अस्पतालों के हालात यही होने की संभावना है। इसके बाद इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर सेवा की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उक्त क्रम में सीतापुर जिला अस्पताल में सुबह ओपीडी में दिखाने के लिए पंजीकरण पर्चे 7.30 बजे से बनना शुरू हो जाएंगे।

सीतापुर जिला अस्पताल भी स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर एंड कंट्रोल रूम (हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवोल्यूशन, होप) से संबद्ध है और डेढ़ दर्जन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी भी हो रही है। बावजूद ओपीडी में डॉक्टर की अनुपस्थिति मिली, डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं मरीज बाहर से खरीदने के लिए मजबूर हैं, पर्चा काउंटर पर मरीजों को लंबी-लंबी लाइन में जूझना पड़ रहा है, परिसर में अधिकांश जगह सड़क खराब मिलीं, जिन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी में मरीजों को दुश्वारियों से बचाने व समय पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### उन्नत कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं : शिवराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को मेरठ के दबथुआ ब्लाक के सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में हिस्सा लेते हुए कहा कि बिना उन्नत कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से 16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को प्रत्यक्ष रूप से अपने शोध एवं अनुभव किसानों के बीच लाने तथा किसानों की समस्या व अनुभव के आधार पर नवीन शोध के लिए अवसर बनाने का निर्देश दिया गया है।

### वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 6 |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -448 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ए | ■ | 2 पे | ■ | ■ |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | ■ |
| ■ | ने | ■ | र | ■ | ■ |
| ■ | जं | ■ | 4 बे | ठ | 5 क |
| ■ | 6 ग | डु | क | ■ | ल |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | हि |
| 7 भो | ग | ■ | 8 चु | स | नी |

### सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |


### सुडोकू - 172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

### आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20.37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 22.56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

**मेष** – आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष** – आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन** – आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क** – आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह** – आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या** – आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला** – आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक** – आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर** – आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** – आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन** – आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी



बंगाल में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।

## शाह का बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

## सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

### एक नजर

#### हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

#### सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

## नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

## समय से पहले मानसून आने से मई में बिजली खपत चार प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बारिश ने कूलर और एसी जैसे उपकरणों द्वारा होने वाली बिजली खपत की कम

मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है।

पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। आईएमडी के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है। मई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति पिछले महीने घटकर लगभग 231 गीगावाट रह गई, जो मई 2024 में लगभग 250 गीगावाट थी। मई, 2024 में एक दिन में सबसे ज्यादा मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।

### बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने संसद सत्र बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है। उन्होंने कहा, चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि सरकार ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है।



### एक नजर

#### रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

#### केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

# भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

## बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

## भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, पर प्रति व्यक्ति आय में काई अच्छा सुधार नहीं : गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व वित्त सचिव ने कहा- प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

पूर्व वित्त सचिव सुभाषचंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी विकसित और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि आईएमएफ के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आईएमएफ देशों के जीडीपी को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।

वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।

## सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

### सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

## ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।



| औरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) |
|  |  |
| 759 रन | 25 विकेट |

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# बारिश से विलंब से शुरू हुआ मैच पूरे 20 ओवर का होगा मुकाबला

## मुंबई इंडियंस का पहला विकेट गिरा, रोहित शर्मा 8 रन बनाकर लौटे पवेलियन

अहमदाबाद, एजेंसी

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में पूरे बीस ओवर डाले जायेंगे जबकि बारिश के कारण खेल सवा दो घंटे विलंब से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बताया कि मैच नौ बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा और कोई ओवर कम नहीं किया जाएगा। इससे पहले बारिश के कारण खेल की शुरूआत में विलंब हुआ। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

खबर लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने चार ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए थे। ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा महज आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जॉनी बेयरस्टो और तिलक वर्मा बल्लेबाजी कर रहे हैं।



बारिश बंद होने का इंतजार करते कवर मैन। • एजेंसी



मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा रन पूरा करते हुए। • एजेंसी

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी गई श्रद्धांजलि

**फिट इंडिया संडे**

नई दिल्ली, एजेंसी

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ-फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएंगे।

श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहायह अभियान बहुत बड़ा है। साइकिल चलाना मुझे स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों की याद दिलाता है




जयपुर : पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। • एजेंसी

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।

सबा करीम व शुभमन गिल। • एजेंसी

### मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## मेरा लक्ष्य विश्व शीर्ष-50 में पहुंचना है : घोरपड़े

**अहमदाबाद :** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गईं।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है। घोरपड़े ने 'पीटीआई' से कहा जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

जौनपुर, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।




आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। • एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

पेरिस, एजेंसी

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक या 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना की चुनौती होगी। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया।

**नोवाक जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है।

### बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

म्यूनिख, एजेंसी

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। • एजेंसी

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

# ईरान की परमाणु गतिविधियां सभी समझौतों के भीतर

दुबई, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो हथियार बनाने योग्य स्तर का है। टेलीग्राम पर अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित आईएईए के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी से बातचीत में ईरान के सहयोग पर जोर दिया।

आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है। रिपोर्ट में इसे



● ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार की रिपोर्ट पर विदेश मंत्री ने आईएईए प्रमुख से की बात

गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। अराघची ने ग्रॉसी से बातचीत में इस चीज पर जोर दिया कि ईरान की सभी परमाणु गतिविधियां समझौतों के ढांचे के भीतर हैं और आईएईए द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। आईएईए ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि ईरान के कई स्थानों पर (जिन्हें तेहरान परमाणु स्थल घोषित करने में विफल रहा है) आईएईए निरीक्षकों द्वारा यूरेनियम की मौजूदगी का पता लगाने के मामले में उसके साथ ईरान का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा है।

# रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** पश्चिमी रूस में शनिवार रात में विस्फोटों से दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गईं। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया। यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुर्स्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने रविवार को बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना से आग लग गई।

# बढ़ती उम्र और नींद

भागदौड़ भरी जीवनशैली में देर रात तक जागना आम है। युवा से लेकर कामकाजी लोग तक, कई कारणों से देर तक जागते हैं- चाहे वह मोबाइल फोन हो, काम का दबाव हो या मनोरंजन। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आदत आपके दिमागी स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है? हाल ही में किए गए एक बड़े अध्ययन से यह सामने आया है कि जो लोग देर रात तक जागने के आदी हैं, उनकी दिमागी क्षमता उम्र के साथ तेज़ी से घटती है। इसके उलट, सुबह जल्दी उठने वालों में यह गिरावट अपेक्षाकृत धीमी होती है। नींद की नियमितता, जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों का हमारे मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर सीधा असर होता है। हाल ही में नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ग्रोनिंगन द्वारा किए शोध में यह बात सामने आई है कि रात में देर तक जागने वालों की दिमागी क्षमता उम्र के साथ घटती है। इसमें 23,800 लोगों को शामिल किया गया, जिनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता का विश्लेषण 10 वर्षों तक किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव



### क्रोनोटाइप और सोना-जागना

शोध के अनुसार, व्यक्ति का क्रोनोटाइप—यानी वह दिन के किन हिस्सों में ज्यादा सक्रिय रहता है—यह तय करता है कि उसकी नींद और जागने की आदतें कैसी हैं। देर रात तक जागने वाले लोगों का सोने-जागने का चक्र देर से शुरू होता है, जबकि सुबह जल्दी उठने वाले लोग जल्दी सोते और उठते हैं।

### जीवनशैली-मस्तिष्क पर असर

शोध में पाया गया कि देर तक जागने वाले लोग अधिक धूम्रपान करते हैं, शराब का सेवन ज्यादा करते हैं और कम शारीरिक गतिविधि करते हैं, जिससे उनकी दिमागी सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### उम्र के साथ-साथ नींद के चक्र में बदलाव

बचपन में अधिकतर बच्चे जल्दी उठते हैं, किशोरावस्था में देर से जागने लगते हैं और 20 की उम्र के बाद फिर धीरे-धीरे सुबह उठने की प्रवृत्ति लौटने लगती है। हालांकि यह बदलाव सभी में नहीं होता।

### सलाह-समाधान

शोधकर्ताओं की सलाह है कि जितना संभव हो, व्यक्ति को अपने प्राकृतिक नींद चक्र के अनुसार जीवनशैली अपनानी चाहिए। जब शरीर मेलाटोनिन नहीं बनाता, तब ज़बरदस्ती सोने की कोशिश न करें। यदि कोई व्यक्ति रात में जागने का आदी है, तो उसे काम शुरू करने का समय भी उसी के अनुसार होना चाहिए, ताकि मस्तिष्क को पूरा आराम मिल सके और दीर्घकालिक मानसिक समस्याएं न हों।

### उच्च शिक्षित लोगों में नींद की समस्या

शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि अच्छी शिक्षा पाने वाले कई लोग, जो सुबह जल्दी नौकरी पर जाते हैं, उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती। इससे मस्तिष्क को पूरा विश्राम नहीं मिल पाता, और उनकी मानसिक क्षमता धीरे-धीरे घटने लगती है। शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि 25% मामलों में दिमागी गिरावट का कारण धूम्रपान और खराब नींद होती है।

### सोने की आदतों का रखें ध्यान

इस शोध का सार यही है कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नींद की आदतों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि दिमाग को भी रोज़ विश्राम की ज़रूरत होती है।

## एक नजर

### धूल भरी आंधी में फंसा इंडिगो का विमान

**नई दिल्ली।** रायपुर से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट को उस समय बड़ी परेशानी हुई, जब वह दिल्ली एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही तेज धूल भरी आंधी में फंस गई। इस खराब मौसम और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के कारण विमान को लैंडिंग से ठीक पहले वापस उड़ान भरना पड़ा। दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी से रनवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पायलट ने ऐसे में वापस उड़ान भरने का फैसला किया। पायलट ने कई बार हवाई अड्डे के आस-पास चक्कर लगाए। वहीं मौसम सामान्य होने पर पायलट ने विमान को सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा।

### जर्मनी: अस्पताल में लगी आग, 3 की मौत, 50 झुलसे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। हैम्बर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है।

### फ्रांस: जीतने की खुशी मनाने के दौरान दो की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

### तुर्की-पाकिस्तान सीमा पर आईएस सरगना हिरासत में

**अंकारा।** कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट(आईएस-रूस में प्रतिबंधित) के सरगना को गुप्त खुफिया अभियान के दौरान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर हिरासत में लिया गया। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तुर्की और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के अभियान में ओजगुर अल्तुन को पकड़ा गया, जो आईएस मीडिया और रसद का प्रभारी है। तुर्की राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने तुर्की के खिलाफ आईएस की साजिशों तथा आतंकवादी अभियानों को विफल किया है।

# पाकिस्तान आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, ग्रे लिस्ट में डालें : ओवैसी

## अल्जीरिया में बोले- पाकिस्तानी जेल में बंद आतंकी लखवी पिता बन गया, इतनी ढील

अल्जीयर्स, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। वह अल्जीरिया के दौरे पर हैं, जहां वह भारत के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी कैद के दौरान पिता बन गया, जो यह दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को कितनी ढील देता है। किसी भी जिम्मेदार देश में आतंक के आरोपों में बंद व्यक्ति को ऐसी छूट नहीं दी जाती। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा बढ़ा। उन्होंने एफएटीएफ और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की ताकि आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सके।



उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों की हत्या इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है और पाकिस्तान अब 'तकफीरवाद' का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की विचारधारा आईएसआईएस और अल-कायदा जैसी संगठनों से मेल खाती है, जो धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराती है, जबकि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला हैं। यह दल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा कर रहा है।

### सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्रिटेन और स्पेन

**लंदन/मैड्रिड।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का संदेश लेकर रविवार को लंदन और स्पेन पहुंचा। लंदन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं और स्पेन पहुचे प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि कर रही हैं। लंदन गया प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयले, हिंद-प्रशांत के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट, सांसदों, थिंक टैंक और भारतीय समुदाय से बातचीत करेगा। वहीं स्पेन गया प्रतिनिधिमंडल वहां के नेताओं, अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर भारत के नजरिए से उन्हें अवगत कराएगा।

### थरूर का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्राजील

**ब्रासीलिया।** शशि थरूर का प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा जो भारत की नीतियों से वहां के नेताओं को अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल का दूतावास प्रभारी संदीप कुजूर ने स्वागत किया। ब्राजील में भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा, जिनमें राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम, विदेश मामलों की महासचिव मारिया लौरा दा रोचा, ब्राजील की सीनेट में भारत-ब्राजील मैत्री मोर्चे के प्रमुख सीनेटर नेल्सन ट्रैड और ब्राजील के 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बैरोस शामिल हैं।

### पाकिस्तान से बातचीत पीओके वापस लेने पर

**कुआलालंपुर।** मलेशिया गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान से अगली बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) वापस लेने पर होनी चाहिए। हम दशकों से पाकिस्तान से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है-पाकिस्तान के साथ गतिरोध।

## झूम उठा शिमला



शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 की धूमधाम भरी शुरुआत रविवार को हुई, जब शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने रंग-बिरंगे लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश करते इन नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजेंसी

# भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41


● एक्सिओम स्पेस के चौथे मिशन के तहत अंतरिक्ष स्टेशन जाने को शुक्ला तैयार

बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर होंगी। अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे।

# इजराइली सेना की गोलीबारी से गाजा में 31 फलस्तीनियों की मौत, 69 घायल

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी में खाद्य सामग्री लेने के लिए सहायता केंद्र जाते समय 31 लोगों की मौत हो गई और 69 से अधिक लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और कई प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित संस्था द्वारा संचालित सहायता स्थल से एक किलोमीटर दूर भीड़ पर गोलीबारी की। सेना ने कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर इजराइली सेना की गोलीबारी से हुई हानि के बारे में जानकारी नहीं है। मामले की अभी समीक्षा की जा रही है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने सहायता वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रविवार से पहले सात लोग मारे गए तथा 69 से अधिक घायल हो गए।

### हमास युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा: इजरायल



**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को दी। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया, हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# आईसीटी ने हसीना पर कई अपराधों के लगाए आरोप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के 10 महीने बाद शुरू हुई।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में आईसीटी की तीन सदस्यीय पीठ कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का


● छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में हसीना की भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य अपराधों के लगाए गए आरोप

प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून इस समय हिरासत में हैं और उनकी उपस्थिति में मुकदमा चलेगा। अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है।

### बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने जमात ए-इस्लामी पार्टी को किया बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध हटाने के आठ महीने बाद, न्यायालय ने चुनावों में इसकी भागीदारी का रास्ता साफ कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश सैयद रफात अहमद की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की अपीलीय शाखा ने आयोग को पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह चुनाव आयोग को तय करना है कि जमात अपने पारंपरिक 'तराजू' चुनाव चिह्न का उपयोग करके चुनाव लड़ सकती है या नहीं। चुनाव आयोग ने उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुरूप दिसंबर 2018 में जमात का पंजीकरण रद्द कर दिया था, जो 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध कर रही थी।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका


● अमेरिकी प्रवक्ता ब्रूस बोलीं- दोनों पक्षों के बीच बातचीत की दी सुविधा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

ब्रूस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी जरूरतों से अवगत थे, लेकिन परिणाम उन पर निर्भर करेगा। अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है। ट्रंप ने तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत और व्यावहारिक समाधान पर पहुंचने में दोनों पक्षों की असमर्थता पर अमेरिका की निराशा को बार-बार व्यक्त किया है और कहा है कि यदि कोई समाधान नहीं निकलता है, तो अमेरिका शांति वार्ता से बाहर निकल जाएगा।

### रूस का यूक्रेन के सैन्य केंद्र पर हमला, 12 की मौत

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हमला अपराह्न 12 :50 बजे हुआ। उसने दावा किया कि हमले के समय कोई सैन्य तैयारी नहीं हो रही थी। यूक्रेन की थलसेना ने बताया कि हमले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसमें इतने कर्मी हताहत हुए हैं। यूक्रेन का यह प्रशिक्षण केंद्र अग्रिम मोर्चे से 1,000 किलोमीटर दूर है। इस स्थान को रूस के टोही और हमलावर ड्रोन निशाना बनाने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है और एक स्थान पर सैनिकों के जमावड़े के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरत रही है, क्योंकि अग्रिम मोर्चे पर आसमान रूसी ड्रोन से भरे हैं जो निशाने की तलाश में रहते हैं।

# नेपाल में राजशाही समर्थकों का प्रदर्शन पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के समर्थक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आवास बलुवाटर की ओर बढ़े तो पुलिस से झड़प हो गई।

**चिंताजनक** उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे

# लालच देकर नाबालिगों को लक्ष्य बनातीं अवैध साइट

● रिपोर्ट के अनुसार, ये मंच, 28% जीएसटी व टीडीएस से मुक्त हैं

● अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी

अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है।

सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलिगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं। सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2025 के लिए परीमैच की ट्रैफिक हिस्सेदारी अमेजन.इन, विकीपीडिया.ओआरजी, गूगल.को.इन, एक्स.कॉम, हॉटस्टार.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, लिंक्डइन.कॉम, कोरा.कॉम और रेडिट.कॉम जैसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मंच से भी आगे निकल गई।



### जांच के बाद 357 साइट की गईं ब्लॉक

रिपोर्ट कहती है, अप्रैल, 2024 और मार्च, 2025 के बीच कुल ट्रैफ़िक का 66 प्रतिशत से अधिक (3 .5 अरब से अधिक विज़िट) प्रत्यक्ष ट्रैफ़िक के माध्यम से है। इसका अर्थ है कि उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप से यूआरएल दर्ज कर रहे हैं, बुकमार्क का उपयोग कर रहे हैं, या निजी चैनल से लिंक कॉपी कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर-अनुपालन वाली वेबसाइट/यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।